जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, शनिवार 23 सितम्बर, 2023


# 30 सितम्बर तक फिर से 5% रेट बढ़ेगी

FIXED PRICE

NO MIDDLE-MEN
DIRECT TO CUSTOMER

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

2 साइड ओपन कोठी और फ्लैट्स | 60 एमेनिटीज



## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL 1.5 गुना

| बड़ी–बड़ी कोठी बड़े–बड़े फ्लैट | | अगस्त की रेट | सितम्बर की रेट | अक्टूबर की रेट | नवम्बर की रेट | दिसम्बर की रेट | जनवरी की रेट | पजेशन की रेट | POSSESSION DEC. 2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| युनिट टाइप | साइज | NPO New Product Offer | +5% | +10% | +15% | +20% | +25% | +50% | पजेशन के बाद रेंटल |
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 45 L | 47.25 L | 49.50 L | 51.75 L | 54 L | 56.25 L | 67.50 L | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 50 L | 52.50 L | 55 L | 57.5 L | 60 L | 62.50 L | 75 L | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 L | 57.75 L | 60.5 L | 63.25 L | 66 L | 68.75 L | 82.50 L | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 60 L | 63.00 L | 66 L | 69 L | 72 L | 75 L | 90 L | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 70 L | 73.50 L | 77 L | 80.50 L | 84 L | 87.50 L | 105 L | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 100 L | 105 L | 110 L | 115 L | 120 L | 125 L | 150 L | 50,000 |

KEDIA®

1800-120-2323

info@kedia.com www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in | RERA No. RAJ/P/2023/2387

WALKTHROUGH QR CODE | DOWNLOAD BROCHURE | LOCATION QR CODE | ROUTE MAP | SITE TOUR 360 DEGREE

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# तेरे द्वार खड़ी सरकार भक्त भर दे रे तिजोरी

सभी जानते हैं कि सरकार की शासन प्रशासन व्यवस्था जनता के द्वारा दिए गए (अरे नहीं, लिए गए) टैक्स से चलती है। भले ही आपके वोट द्वारा तथाकथित चुने हुए विधायक और सांसद जब सदन में बैठते हैं तो वह सरकार के हिस्से हो जाते हैं चाहे पक्ष में हों अथवा विपक्ष में। पक्ष में बैठ कर तो सरकार की हां में हां और विपक्ष में होने पर चुपचाप वाद–विवाद सुनना या हुल्लड़ मचाना। चुप रहने पर भी लगता ऐसा है कि सरकार के पक्ष में हैं। इस स्थिति का लाभ सरकार उठाकर अपने हित (पार्टी हित) के प्रस्ताव पास कर लेती है। मुफ्त बांटने की सभी योजनाओं में बहुधा ऐसा ही होता है। जब सरकार कोई टैक्स वृद्धि करना चाहती है अथवा लुटे–पिटे अपने लोगों को कुछ मुफ्त देने का प्रयास करती है, भले ही आम जनता के लिए ऐसे प्रस्ताव अहितकर हों। कारण साफ़ है कि जब जनता चिल्लायेगी तो विपक्ष को उसका राजनीतिक लाभ मिलेगा। इसलिए जनता के अहितकर कुछ मुद्दों पर सदन में अधिक विरोध नहीं होता।

अभी इसी अखबार के सितम्बर 13 के अंक में श्री सी ए शंकर अग्रवाल द्वारा बहुत सूंदर सम्पादकीय लिखा है शीर्षक है ''सब कुछ मुफ्त बांटने की वृति के कारण राजस्थान सरकार का बढ़ता कर्ज चिंता का विषय:'' लेख का विषय सामग्री और विवेचन अर्थपूर्ण और सराहनीय है। यहाँ एक लेखक की व्यथा साफ़ दिखती है। लेकिन राजस्थान की प्रजा से जैसा वांछित है, वे न तो लेख पढ़ते और न ही कोई विरोध । इसलिए अनेक मुद्दों पर न तो उनकी कोई सोच होती है और न ही कोई प्रतिक्रिया। उक्त लेखक ने कुछ वर्षों का प्रदेश पर बढ़ता ऋण दर्शाया है। लगातार बढ़ते ऋण से प्रदेश पर वर्ष 2022–2023 में 537013 करोड़ रुपये अर्थात पांच लाख सेंतीस हज़ार करोड़ का कर्जा है। पूर्व के ऋणों का पता नहीं कि चुकाए गए या नहीं ? कुछ भी हो सरकार को इस बढ़ते ऋण से कोई चिंता नहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री बड़े दानी हैं अपनों को लप/अंजुल (दोनों हाथ की मिला कर हथेलियां) भर भर देते हैं। इसकी चुकाने की उन्हें कोई चिंता नहीं रहती। ऋण कई वर्षों से बढ़ता ही जा रहा है। शायद उन्होंने मान लिया है, कि दूसरी सरकार चुकायेगी। और यदि भाग्यववश खुद ही चुकाना पड़ा तो अनेक रास्ते है। भविष्य में टैक्स बढ़ाने और लगाने के, किसने देखा है ? फिलहाल तो काम निकलना चाहिए।

प्रजा के अंधे रहने, गूंगे रहने, मूक रहने और दिमागी दिवालिएपन से किसी आम नागरिक में सामर्थ नहीं कि वह अपने कुछ साथिओं से मिल कर सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट में सुप्रीमकोर्ट सीनियर अधिवक्ता श्री अश्वनी जी की भान्ति याचिकाओं के ढेर लगा दें, कोर्ट को प्रार्थना करें कि सरकारी धन का मुफ्तखोरी में व्यय रोका जाय। ऑडिटर जनरल ऑफ़ इंडिया को गुहार लगाए कि मुफ्त का सरकारी व्यवसाय अवैधानिक घोषित हो। किसी भी ऐसे सरकारी धन के खर्च को वसूलने की जिम्मेदारी व्यक्तीश: ऑडिटर जनरल की की जाय।

प्रधान मंत्री को यह भ्रष्टाचार प्रतीत नहीं होता क्या ? जो कभी सामान्य बजट में पास नहीं किया जाता। इस प्रकार यह धंधा राजकीय खजाने पर डाका है। यह बात एक बहुत वरिष्ठ व् प्रतिष्ठित बृद्ध अधिवक्ता आपकी अदालत में जन प्रतिनिधिओं को डाकू करार दिया है। मेरा तो अब सुझाव है कि सभी प्रादेशिक और केंद्रीय बजट (रक्षा बजट को छोड़कर) विस्तृत रूप से अखबार में जनता के संवाद के लिए छपें और सभी सुझाव जिला स्तर पर एकत्रित कर केंद्र/प्रदेश मुख्य सचिव को प्रेषित किये जायँ। सर्व सम्मति होने पर ही सरकार बजट पास करे। अनुमोदित बजट से इधर–उधर कोई खर्च नहीं किया जाय।

**सभी प्रकार की सब्सिडी जैसे रसोई गैस राशन, आदि पर बंद हो। सभी प्रकार के आरक्षण संविधान में बदलाव कर निरस्त किये जांय। पांच पीढियां निकल जाने के पश्चात् भी पिछड़े, गरीब व् अन्य सरीखे यदि सामान्य वर्ग के बराबर नहीं आ पाए, तो इसके लिए आम जनता चिरकाल तक उत्तरदायी नहीं ठहराई जा सकती, उसे क्यों प्रताड़ित किया जा रहा है?**

सभी प्रकार की सब्सिडी जैसे रसोई गैस राशन, आदि पर बंद हो। सभी प्रकार के आरक्षण संविधान में बदलाव कर निरस्त किये जांय। पांच पीढियां निकल जाने के पश्चात् भी पिछड़े, गरीब व् अन्य सरीखे यदि सामान्य वर्ग के बराबर नहीं आ पाए, तो इसके लिए आम जनता चिरकाल तक उत्तरदायी नहीं ठहराई जा सकती, उसे क्यों प्रताड़ित किया जा रहा है?

देश की प्रतिभाओं की तो पूर्व की सभी केन्द्रीय सरकारों ने हत्या कर दी और अभी भी कर रही है। जागरूक जनता की आँख तो तब खुली जब रूस–यूक्रेन युद्ध के समय हज़ारों भारतीय विद्यार्थी उक्रेन से सरकारी हस्तक्षेप से भारत लाये जा सके। सभी प्रदेश और केंद्र के शिक्षा सचिव और बड़े अधिकारी एक बड़े प्रज्वलित अग्नि कुंड में स्वगँ हवन कर दें यदि उनकी रगों में लेशमात्र भी देश का खून बह रहा हो । अमृत महोत्सव और न जाने क्या क्या जनता को मूर्ख और भ्रमित करने को सफूगे मनाये जा रहे हैं लेकिन देश के बच्चों की शिक्षा की समुचित व्यवस्था नहीं बनाई जा रही? नयी शिक्षा नीति का ढिंढोरा पीट दिया लेकिन वही ढाक के तीन पात। सब कुछ वैसा ही, कोई परिवर्तन नहीं।

माँ–बाप अपने बच्चों की शिक्षा के लिए अपनी सम्पति तक बेच कर विदेश में प्रवेश दिलवाते हैं, असंख्य बिचोलिये ऐसे बच्चो की सच्चाई से सहायता भी करते हैं। मेरा सुझाव है कि अध्ययन पश्चात् ये छात्र स्वदेश नहीं लौटें कहीं अन्य देश में भविष्य उन्नत कर अपनी प्रतिभा को निखारें। कोई भारतीय मूल का व्यक्ति जब विदेश में नाम कमाता है अथवा किसी उच्च पद पर पहुँचता है तो हम भारतीय ख़ुशी से अघाते नहीं, सब श्रेय भारतवंशीय को देते हैं जबकि सच ये है कि देश में उन्हें कम सुविधाओं, आरक्षण और अप्रत्याशित ऊंची मेरिट के कारण आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिला तो फिर अपने भाग्य और सभी पूँजी बेच कर विदेश का रुख करना पड़ा। ऐसे में हमें श्रेय लेने में शर्म नहीं आती ?

विषयवार किस योग्यता के कितने व्यक्ति चाहिए, इसका कोई आंकलन नहीं होता फिर नयी शिक्षा नीति का क्या आधार रहा? सरकार के पास सर्वे और सांख्यिकिकी विभाग मौजूद हैं वहां क्या काम होता है? लेखक को ही नहीं मालूम? हाँ दो काम वहां देखने को मिल जायेगे– ऑफिसरों और सभी कर्मचारिओं का चाय पीने और पान खाने जाना। भोजन अवकाश आधा घंटा का प्रावधान होने पर एक घंटे से पूर्व कोई अपनी सीट पर नहीं लौटना । उस पर केवल पांच दिन कार्यदिवस और वह भी पुरे समय कभी नहीं।

मैं फिर प्रस्ताव करता हूँ कि सभी सचिवों को दो सहायक दिए जायँ, बाकी स्टाफ कार्य मुक्त कर दिए जायँ। सफेदपोशों की फौज में कतिपय ही अपने कार्य ठीक से निष्पादित करते हैं वांछित परिवर्तन यदि नहीं होता हैं तो कोई तानाशाह बन इस काम को एक दिन में करेगा। मैं पूर्व प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी की सराहना करता हूँ कि एक रात (दिन भी नहीं) में पूरा देश अनुशासन में आ गया। सरकार अपने स्तर पर इस बात का सर्वे करा ले कि जनता वैसा अनुशासन (नसबंदी जैसी अति नहीं) चाहती है क्या ?

राजस्थान सरकार ने सरकारी खर्च में अभी वृद्धि कर ली जिसका वित्तीय आंकलन शायद प्रकाशित नहीं हुआ। राज्य में 19 ज़िलों की बढ़ोतरी और एक शहर में डेवलपमेंट अथॉरिटी। क्या इनसे विभिन कैडर के व्यक्तिओं की जरुरत नहीं बढ़ेगी? क्योंकि वर्तमान के जिलों में कार्य की अधिकता तो है ही, इसलिए अन्य जिलों से डिप्लॉयमेंट संभव नहीं ? खैऱ मैंने दर्पण दिखा दिया है आगे जो प्रभावित होने वाले हैं वे सचेत हो जांय। क्योंकि चुनाव निकट हैं।

मुफ्त की रेवड़ी भी बटेगी, आश्वासन भी दिए जायेंगे। नकदी राशि भी मिलना संभव हो सकती है, आरक्षण की सीमा में भी फेरबदल के लिए लुहावने वादे मिलेंगे, गरीब की सीमा में भी बदलाव संभव है, यानी वह सब कुछ संभव है जिससे जनता हमेशा की तरह मूर्ख बन, भ्रमित हो जाय और मूर्ख बनाने वाले को मूर्ख वोट दे दे।

मैं समझता हूँ आप बुद्धिमान और विवेकशील हैं। थोड़ा लिखा ज्यादा समझना। आखिर में कुछ शब्द उन लोगों के लिए जो अपनी ऊपरी मंज़िल विध्यमान और सक्रीय होते हुए भी कम इस्तेमाल करते हैं : तथाकथित जी होकम – अकर्मण्य कर्मचारिओं के लिए, ; जो सुख चाहवे जीव कू तो गेल्या बनके रह ; और जब तक जीवो ऋण ले घी पीवो और सुख से जीवो। भिखारी की झोली में कभी कुछ डाले बिना लौटना नही, वैसे झोली बिना आपके डाले भरेगी अवश्य।

**–अतिथि सम्पादक,**
**प्रो.डॉ. वीर बहादुर सिंह,**
**( पूर्व कुलपति एवं डेयरीविज्ञ महाराणा प्रताप कृषि एवं खाद्य प्रौद्योगिकी वि.वि., उदयपुर-राज. )**

# शांति स्वरूप वीतराग परिणति उत्तम सत्य धर्म है, सत्य का विकल्प नहीं



**भागचंद जैन मित्रपुरा**

उत्तम सत्य धर्म से तात्पर्य मात्र सत्य वचन बोलना ही नहीं है। सत्य धर्म और सत्य वचन दोनो भिन्न भिन्न हैं। झूठ नही बोलना, जैसा देखा, सुना, जाना वैसा बोलने को सत्य कहा जाता है। आत्मा भी एक द्रव है, अत: वह सत् स्वभावी है। सत्य स्वभावी आत्मा में जो शांति स्वरूप वीतरागता उत्पन्न होती है, उसे सत्य धर्म कहते है। अपने अन्तर में विद्यमान ज्ञानानन्द स्वभाव से उत्पन्न हुआ ज्ञान, क्षमादान एवं वीतराग परिणति ही उत्तम सत्य धर्म है और वही मोक्ष का कारण है।

जैसा कि हमारे गुरुओ ने कहा है कि–**''सद्रभ्यों हिंत सत्यम''**

कहने का तात्पर्य यह है कि जो सज्जनों को हितकर है वही सत्य है।

जीवन में सभी के लिए सत्य का अत्यधिक महत्व है। प्रत्येक धर्म मे किसी न किसी रूप मे सत्य की प्रतिष्ठा की गई है। जैन धर्म में इसे पंच महाव्रत और पंचाणुव्रत में स्थान दिया गया है। असत्य भाषण पाप है, क्योंकि असत्य भाषण का मूल कषाय है और जहाँ कषाय है वहा हिंसा होती ही है। अतएव असत्य भाषण से भी अवश्य हिंसा होती है। अहिंसा के बाद सत्य का क्रम आता है।

सत्य क्यों बोलना चाहिये –

1) क्योंकि झूठ बोलना बुरे काम मे बढ़ोतरी करना है।

2) सत्त जो स्त शब्द से आया है, जिसका मतलब है वास्तविक होना। वस्तुस्थिति, तथ्य से अवगत होना।

उत्तम सत्य धर्म हमे यही सिखाता है कि आत्मा की प्रकृति जानने के लिए सत्य आवश्यक है और इसके आधार पर ही परम आनंद मोक्ष को प्राप्त करना संभव है। अपने मन को, आत्मा को सरल और शुद्ध बना ले तो सत्य अपने आप ही आ जायेगा।

सत्य बोलना अर्थात् सही का चुनाव करना जैसे उचित व अनुचित मे से उचित का चुनाव करना शाश्वत व क्षण भंगुर मे से शाश्वत को चुनना।

कहा जाता हैं कि जो सत्यवादी होता है, उसका आत्मबल मजबूत होता है। उसकी आत्मा में विश्वास रूपी हजारों हाथियों का बल होता है। सत्य कभी परास्त नहीं होता है। सत्य दुर्लभ नहीं होता है, अपंग नही होता है एवं विपरीत परिस्थितियों में भी एक समय आता है जब सत्य विजय की प्राप्ति अवश्य करता है।

सत्य बोलना बड़ा कठिन माना जाता है, जबकि यह बहुत ही सरल होता है। सत्य का मार्ग तलवार की धार के समान हो सकता है, लेकिन जीत अन्तत: सत्य की ही होती है।

वाल्मीकि रामायण में लिखा है, सत्यम्वेश्वरो लोके सत्ये धर्म: सदाश्रित:। लोक में सत्य ही ईश्वर है। धर्म सदा सत्य में ही रहता है। इसका अर्थ है कि विजय हमेशा सत्य की होती है। वेद, शास्त्र एवं पुराणों में कहा गया है कि सत्य के समान दूसरा धर्म नहीं है। सत्य को याद नहीं रखना पड़ता है।

झूठ में आकर्षण हो सकता है, पर स्थिरता तो सत्य में है। सत्य वचन सुनने और बोलने से बढ़कर आनंदप्रद और कुछ भी नहीं है। महात्मा गांधी ने कहा है कि सत्य से भिन्न कोई परमेश्वर नहीं है। अपनी आत्मकथा का नाम ही उन्होंने सत्य के प्रयोग रखा। मनुष्य लोभ के वशीभूत होकर झूठ बोलता है। बालक अपने शैशवकाल में सत्य ही बोलता है, पर हम अपने स्वार्थवश उसे असत्य की राह पकड़ा देते हैं।

एक रिसर्च में सामने आया है कि असत्य वचन के कारण दीर्घकालीन बीमारियां – ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल, याददाश्त कमजोर होना, जल्दी घबराहट होना आदि बहुत सारी बीमारियां घर कर लेती है। धर्म का मूल गुण है, इसके पालन करने वालों को मानसिक एवं शारीरिक शक्ति प्रदान करना एवं बीमारियों से दूर रखना। अत: हम समझ सकते है कि जीवन के हर पड़ाव पर सत्य का पालना करना आवश्यक है।

दूसरी ओर इसके पालन करने से, उसे उत्तरदायित्व निभाने वाला माना जाता है, जिससे विश्वसनीयता बढ़ती है और अंततोगत्वा उसे सम्मानित नजरो से देखा जाता है। कवि द्यानतराय जी ने पूजा में लिखा है –

**उत्तम-सत्य-वरत पालीजै,**
**पर-विश्वासघात नहिं कीजे।**
**सांचे- झूठे मानुष देखो,**
**आपन-पूत स्वपास न पेखो।।**
**उत्तम सत्य व्रत का पालन करे, विश्वासघात न करें। सच्चे - झूठे इंसानों को देखो, खुद को- संतान को ध्यान में ना रखो।**

कविवर आगे लिखते है –

**उत्तम सत्य वचन मुख बोले,**
**सो प्राणी संसार न डोले।**

Speak the perfect truth, so that the movement of living beings may end. Salvation is attained

उत्तम सत्य धर्म अपनाने मात्र से जीवों का संसार से आवागमन समाप्त हो जाता है। मोक्ष प्राप्त हो जाता है।

**संकलन--भागचंद जैन,**
**अध्यक्ष, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर।**

# प्रशासन की मिलीभगत से हो रहे अवैध बजरी खनन के खिलाफ प्रदर्शन

**भीलवाड़ा,** (निसं)। प्रदेश में हो रहे अवैध बजरी दोहन व परिवहन रोकने को लेकर नागरिक अधिकार मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

जानकारी के अनुसार जिले में बजरी का ठेका नहीं होने के बावजूद भी खनिज विभाग पूर्व के ठेकेदारों की मदद से अवैध खनन भारी मात्रा में करवा रहे हैं। खनिज विभाग द्वारा बजरी एवं खनन माफिया से मिलकर हमेशा करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान किया जा रहा है। खनिज विभाग में प्रशासन की मिलीभगत से अवैध बजरी दोहन परिवहन से राजस्व को नुकसान के साथ-साथ पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है यह सब संबंधित विभाग की मिलीभगत से हो रहा है। नदियों की वास्तविक स्थिति को बिना ठेके के खनन करना कानूनी अपराध है परंतु खनिज विभाग के अनदेखी से फर्जी टोकन सिस्टम के कारण माफिया करोडों की वसूली परिवहन करने वाले उपभोक्ताओं व वाहन वालों से कर रहे हैं। खनिज विभाग के रसीद के बिना हजारों ट्रैक्टर, डंपर व ट्रोले में बजरी कर अवैध खनन कर परिवहन कर रहे हैं परंतु प्रशासन विभाग आंखें बंद करके देख रहा है। अवैध खनन परिवहन से हाल ही में दो छात्रों के दर्दनाक मृत्यु हो गई परंतु इस पर प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।



नागरिक अधिकार मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इस मांग को लेकर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर नागरिक अधिकार मोर्चा के संयोजक महेंद्र श्रोत्रिय के नेतृत्व में उपाध्यक्ष विश्वनाथ गर्ग, शिवकुमार शर्मा, प्रेम सिंह, माधु रैगर, भैरूलाल जाट, विकास यादव, मनोज श्रोत्रिय, राजु शर्मा, सुधाकर शर्मा, योगेश विजयवर्गीय, पंकज दाधिच, राजेश शर्मा, शुभम नराणिया, गोपाल शर्मा, वंदना राजपूत, सुमन कुमारी, जीत नराणिया सहित सभी ने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर इकट्ठे होकर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। खनिज विभाग व प्रशासन को नींद से जगाने के लिए शनिवार को सद्बुद्धि यज्ञ किया जाएगा। खनिज विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस पारदर्शी सरकार को बदनाम व राजस्व नुकसान करने में लगे हुए इसके लिए आगामी दिनों में रणनीति तैयार कर भीलवाड़ा से जयपुर तक पैदल मार्च किया जाएगा।

# मनचलों से परेशान छात्रा ने कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई

- **जिला कलेक्टर के निर्देश पर एक्शन में आई अलीगढ़ पुलिस, मामला दर्ज किया**
- **छात्रा 13 सितंबर को अलीगढ़ थाने पर पहुंची तो पुलिस ने परिवाद लेकर भेज दिया था**

**चौरु/उनियारा,** (निसं)। प्रदेश की सरकार छात्राओं के बेहतर शिक्षा एवं सुरक्षा के लंबे-लंबे दावे करती है। लेकिन हकीकत में इन दावों की पालना करवाने वालों की लापरवाही दावों पर उलटी पड़ती है। ऐसा ही एक मामला अलीगढ़ थाना पुलिस की कार्यशैली का देखने का मिला। थाना इलाके में रहने वाली एक छात्रा मनचलों से परेशान होकर 13 सितंबर को अलीगढ़ थाने पर पहुंची तो पुलिस ने परिवाद लेकर वापस भेज दिया, लेकिन मनचलों पर किसी प्रकार की काई कार्रवाई नहीं की गई।


परेशान छात्रा ने सात दिन तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होने पर जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल के पास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। अलीगढ़ की बेटी ने कलेक्टर से गुहार लगाई की मनचले लड़के उसको स्कूल जाते-आते समय परेशान करते हैं एवं अश्लील हरकतें करते हैं। कलेक्टर को बताया कि रात्रि एवं दिन के समय गली में एवं घर के आसपास बाइक दौड़ाते हैं। जिससे हर समय मेरे साथ अनहोनी होने का अंदेशा सताता रहता है। पीड़ित बेटी की बात सुनकर कलेक्टर ने शीघ्र पुलिस के आलाधिकारियों को निर्देश दिए, जिसके बाद अलीगढ़ थाना पुलिस ने साहिन पुत्र सरदार मंसूरी, शोयब पुत्र शब्बीर आलम, दानिश पुत्र सरदार मंसूरी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच थानाधिकारी हेमराज मीणा को सौंप दी। पीड़ित छात्रा ने जिला कलेक्टर एवं दर्ज मामले में पुलिस पर आरोप लगाया कि जब वह थाने जाकर मनचलों पर कार्रवाई करने की मांग की तो पुलिस ने छात्रा से सबूत मांगे।

हेमराज मीणा, थानाधिकारी, अलीगढ़ का कहना है कि छात्रा की शिकायत पर मनचलों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। शीघ्र ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्यालयों के आसपास विचरण करने वाले मनचलों पर टीमें बनाकर कार्रवाई की जाएगी।

# सादुलपुर में खाद्य सामग्री के आठ नमूने लिये गये

**सादुलपुर,** (निसं)। जिले में खाद्य पदार्थों के नमूनों के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा टीम ने सादुलपुर में 8 नमूने लिये। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग के निर्देशानुसार टीम ने शहर में मेसर्स जैन जलपान गृह से रसगुल्ला का नमूना, मैसर्स जैन किराना स्टोर से घी का नमूना, मेसर्स बीकानेर मिष्ठान भंडार से रसगुल्ला, मैसर्स प्रवीण किराना स्टोर से घी, मैसर्स कानजी सैनी मिष्ठान भंडार से रसगुल्ला व कलाकंद, मैसर्स सती सेवन मसाला उद्योग से मिर्च व धनिया का नमूना लेकर जांच के लिये प्रयोगशाला भिजवाया गया है तथा जांच आने के बाद दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा खाद्य लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष शिविर शुक्रवार को राजगढ़ में तथा गुरुवार को सांखू में लगाया गया।



**जिले में खाद्य पदार्थों के नमूनों के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत सादुलपुर में खाद्य सामग्री के खाद्य सुरक्षा टीम ने नमूने लिये।**

- **सादुलपुर और सांखू में खाद्य लाइसेंस जारी किए**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त की ओर से जारी दिशा-निर्देशानुसार राजगढ़ के आसपास क्षेत्र के जुडे खाद्य कारोबारियों के लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के विशेष शिविर में 39 तथा गुरुवार को सांखु में 40 व्यापारियों ने आवेदन किया। सभी को रजिस्ट्रेशन कर खाद्य लाइसेंस जारी किया गया। सीएमएचओ ने बताया कि सभी खाद्य पदार्थ व्यापारी व सब्जी व्यापारियों और किराना व्यापारियों के शिविर में नए लाइसेंस बनवाएं।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### शनिवार 23 सितम्बर, 2023

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, ज्येष्ठा नक्षत्र दिन 3:34 तक, आयुष योग रात्रि 11:42 तक, वणिज करण दिन 1:36 तक, चन्द्रमा आज दिन 3:54 से धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-कन्या, बुध-सिंह, गुरू-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज भद्रा दिन 1:36 से रात्रि 12:57 तक है। आज मुक्ता भरण सप्तमी, सन्तान दुबड़ी सप्तमी, ललिता सप्तमी है। आज से महालक्ष्मी व्रत आरम्भ होंगे।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:49 तक, लाभ-अमृत 7:49 से 10:49 तक, शुभ 12:20 से 1:50 तक, चर 4:50 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:14, सूर्यास्त 6:21

**मेष**
पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिव समस्या का समाधान हो सकता है।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

**धनु**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 वर्षः 18 संख्याः 167 प्रभात जालोर, शनिवार 23 सितम्बर, 2023 पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# लोकसभा में बिधूड़ी का भड़काऊ भाषण, "डैमेज कंट्रोल" में जुटी भाजपा

## भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 सितम्बर। आज भाजपा बेहद बचाव की मुद्रा में आ गई और डैमेज कंट्रोल में लग गई। उसके लोकसभा सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा के सांसद दानिश अली के विरूद्ध नफरत भरी टिप्पणी की बल्कि आपत्तिजनक शब्द भी प्रयुक्त किए। लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला ने उनके बयानों को गंभीरता से लिया और दक्षिण दिल्ली के सांसद को भविष्य में ऐसा करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

कथित टिप्पणियों को सदन की कार्रवाई से निकाल दिया गया और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तुरंत बिधूड़ी के व्यवहार के लिए खेद प्रकट किया। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने रमेश बिधूड़ी को हेट स्पीज के मुद्दे पर कारण बताओ नोटिस दिया है।

बिधूड़ी के बयानों से विपक्षी नेता भड़क गए और बिधूड़ी के निलंबन की मांग करने लगे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा में बिधूड़ी जो बयान दिया है वह सदन के सभी सदस्यों का अपमान है और उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए।

बिधूड़ी की टिप्पणियों को गंभीरता से लेते हुए बिड़ला ने उन्हें चेतावनी दी

- लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने बिधूड़ी की टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से निकाला और बिधूड़ी को चेतावनी दी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी इस टिप्पणी पर खेद जताया।
- इधर विपक्ष का हमला भी तेज हो गया है, कांग्रेस के जयराम रमेश ने बिधूड़ी की टिप्पणी को संसद का अपमान बताया व उन्हें निलम्बित करने की मांग की।
- माकपा ने एक बयान जारी कर कहा कि, बिधूड़ी ने सदन में जिस तरह की गलत भाषा का प्रयोग किया है, उसके लिए उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए।
- तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा, मुसलमानों व ओ.बी.सी. को गाली देना भाजपा की संस्कृति है, शिव सेना ने कहा, सत्ता पक्ष में कोई शर्म नहीं बची है।
- आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने कहा, यह आर.एस.एस. द्वारा सिखाए गए मूल्यों का नतीजा है। आम आदमी पार्टी ने हर्षवर्धन व रवि शंकर प्रसाद की भी आलोचना की, जो बिधूड़ी की टिप्पणी पर हंस रहे थे।

कि अगर उन्होंने दुबारा ऐसा बर्ताव किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

माकपा ने बिधूड़ी को गिरफ्तार करने की मांग की। उसने एक बयान में कहा, "नफरत भरे भाषण के लिए कोई विशेषाधिकार नहीं है, बिधूड़ी को गिरफ्तार कीजिए। उनके द्वारा दानिश अली के विरूद्ध जो अभद्र भाषा बोली गई है वह नफरती भाषण का सबसे गंदा रूप है जिस पर सुप्रीम कोर्ट ऐतराज कर चुका है। उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए।

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा, "मुसलमानों और अन्य पिछड़ा वर्गों को गाली देना भाजपा की संस्कृति का अभिन्न अंग है और उन्हें इसमें कुछ गलत नहीं लगता। नरेन्द्र मोदी ने भारतीय मुसलमानों को अपने ही देश में ऐसी डर की हालत में रहने को मजबूर कर दिया है कि वे अपने ही देश में यह सब सहन कर रहे हैं। मैं यह कहने के लिए क्षमा चाहती हूं लेकिन मां काली ने मुझे ताकत दी है।

महुआ ने मांग की कि प्रधानमंत्री मोदी और लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला बिधूड़ी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।

शिव सेना (उद्धव गुट) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एक्स पर कहा, "भाजपा सांसद द्वारा बसपा के साथी सांसद कुंवर दानिश अली के विरूद्ध भद्दी भाषा का प्रयोग किया गया है। कोई शर्म नहीं बची है। यह विचलित करने वाला है क्या लोकसभाध्यक्ष इस पर ध्यान देकर कार्रवाई करेंगे।"

आम आदमी पार्टी के नेता संजय

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# संसद का विशेष सत्र समाप्त

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 सितम्बर। संसद का पंचदिवसीय विशेष सत्र, निर्धारित समय से एक दिन पूर्व, गुरुवार रात को अनिश्चित काल तक के लिये स्थगित कर दिया गया। इस सत्र में संसद के दोनों सदनों ने पूरे बहुमत से अति महत्वपूर्ण महिला आरक्षण विधेयक पारित कर दिया।

इस सत्र को लेकर बड़ी सनसनी जैसी स्थिति थी कि इस विशेष सत्र में क्या-क्या होगा। लोकसभा चुनाव जल्दी कराना, लोकसभा एवं राज्य

- 5 दिन का विशेष सांसद सत्र चौथे दिन गुरूवार की रात समाप्त कर दिया गया। इस सत्र में संसद के दोनों सदनों से महिला आरक्षण विधेयक पूर्ण बहुमत से पारित हो गया।

विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ कराना तथा चुनाव आयोग की चयन समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाया जाना- आदि विषयों की अटकलें लगाई जा रही थीं लेकिन संसद को पुराने भवन से नये भवन में पहुँचाने और महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के अलावा कुछ नहीं हुआ। चन्द्रयान-3 की

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# महिला नेताओं ने महिला आरक्षण कोटा में ओ.बी.सी. कोटा की मांग उठाई

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 सितम्बर। संसद में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने का सत्तारूढ़ भाजपा पर कम से कम अवांछनीय प्रभाव जरूर पड़ा है- इंडिया गठबंधन, खासतौर से कांग्रेस के नेताओं के इस अभियान को जरूर सक्रियता एवं ऊर्जा तथा ताकत मिल गई है कि वे जातिगत जनगणना एवं ओ.बी.सी. के लिए आरक्षण की माँग को एक अभियान का रूप दें।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे को उठाते हुये कहा है कि महिला आरक्षण की क्रियान्विति को टालने के कारण के रूप में, परिसीमन तथा जनगणना का हवाला देने में सरकार "धोखा एवं भुलावा देने वाली नीति" तथा जातिगत जनगणना से ध्यान हटाने का रास्ता अपना रही है। "महिला आरक्षण" की तत्काल क्रियान्विति की माँग करते हुये, उन्होंने ओ.बी.सी. के लिये महिला आरक्षण कोटा के अन्दर कोटा रखे जाने की माँग जोरदार तरीके से की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी नई जनगणना की कवायद तत्काल शुरु किये जाने की माँग की तथा कहा कि इस कवायद के एक हिस्से के रूप में जाति-आधारित जनगणना की कराई जाये।

ओ.बी.सी. की गणना तथा कोटा के बिना महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने से एन.डी.ए. के अन्दर स्वर मुखरित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री तथा भाजपा नेता उमा भारती ने महिला आरक्षण में ओ.बी.सी. को बाहर रखे जाने को "दुर्भाग्यपूर्ण" बताया है तथा ओ.बी.सी. महिलाओं तथा इसके साथ ही मुस्लिम समुदाय की महिलाओं के लिये आरक्षण की माँग की है। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भी महिला आरक्षण में ओ.बी.सी. कोटा के लिये विपक्ष की माँग के समर्थन में आ गई हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "इस मुद्दे के समाधान के रास्तों पर विचार किया ही होगा।" अनुप्रिया पटेल अपना दल (सोने लाल), जो भाजपा के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. का घटक दल है, की अध्यक्ष

- भाजपा की नेता तथा मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने महिला आरक्षण में ओ.बी.सी. महिलाओं को शामिल नहीं करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।
- एन.डी.ए. में भाजपा की सहयोगी पार्टी की नेता और केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी ओ.बी.सी. महिलाओं का कोटा तय करने की मांग की।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# महिला आरक्षण बिल का सच क्या है?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 सितम्बर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संसद द्वारा महिला आरक्षण विधेयक पारित करने को महान बताया लेकिन साथ ही कहा कि सरकार द्वारा इसे जल्दबाजी में विशेष सत्र बुलाकर पारित करवाना ओ.बी.सी. कोटा से ध्यान बंटाने की चाल है और किसी को पता नहीं है कि 10 साल बाद भी महिलाओं का आरक्षण लागू होगा या नहीं।

- राहुल ने यह सवाल उठाते हुए, इसका जवाब भी दिया कि, जात आधारित जनगणना से ध्यान हटाने के लिए महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया गया है। महिला आरक्षण विधेयक पारित होना बहुत अच्छी बात है, पर कोई नहीं जानता महिलाओं को आरक्षण कब मिलेगा।

संसद का विशेष सत्र समाप्त होने के बाद ए.आई.सी.सी. में एक

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# चार लोकसभा सीटों पर उप चुनाव नहीं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 सितम्बर। चुनाव आयोग ने तय किया है कि लोकसभा की चार रिक्त सीटों अम्बाला, पुणे, चन्द्रपुर

- चुनाव आयोग ने यह निर्णय इसलिए लिया है, क्योंकि अगले आम चुनावों में एक वर्ष से भी कम का समय बचा है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क- 94602 07080

# कर्नाटक में कुछ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तीन उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग क्यों कर रहे हैं

## अटकलें हैं कि, मु.मंत्री सिद्धारमैया के इशारे पर उनके समर्थक डी.के. शिव कुमार को तंग करने के लिए यह मांग उठा रहे हैं

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 सितम्बर। कर्नाटक में कांग्रेस के सामने ढ़ेरों समस्याएं खड़ा होना उसी समय तय हो गया था, जब मई 2023 में उसकी जबरदस्त जीत हुई थी। यह चीज अब और ज्यादा जोर-शोर से सामने आने लगी है क्योंकि वरिष्ठ नेता तीन उपमुख्यमंत्रियों की माँग करने लगे हैं। यह एक ऐसा प्रस्ताव है जो चन्द महीनों पुरानी सरकार के लिये परेशानी पैदा कर सकता है।

चूँकि कांग्रेस के पास 224 सदस्यीय विधानसभा में 134 सीटों का अपराजेय एवं "सुरक्षित" बहुमत है तथा भाजपा अपेक्षाकृत बहुत कम सीटों के साथ दूसरे नम्बर पर तथा जनता दल (एस) नितान्त कमजोर स्थिति में है तथा इसलिये सरकार को कोई खतरा नहीं है, लेकिन वरिष्ठ नेताओं की व्यक्तिगत आकांक्षाएं तथा उनकी असंभव किस्म की माँगें मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया के लिये अतिरिक्त तनाव एवं दबाव पैदा कर सकती हैं।

तीन उपमुख्यमंत्री बनाने का प्रस्ताव सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना की तरफ से आया है तथा यह प्रस्ताव सत्तारूढ़ दल में अत्यधिक चर्चा का विषय बन गया है। कुछ लोग तो इसके लिये लामबन्दी भी करने लगे हैं। इन लोगों का तर्क है कि तीन उपमुख्यमंत्रियों के होने से लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मदद मिल सकती है। राजन्ना को अपने इस "सुझाव" में कोई गलत बात नज़र नहीं आ रही।

- तीन उपमुख्यमंत्री बनाने का नवीनतम प्रस्ताव सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना ने रखा है और उन्होंने कहा कि, इससे कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में लाभ होगा।
- कुछ वरिष्ठ नेताओं की यह मांग कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के लिए परेशानी पैदा कर सकती है।
- कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के गठन के समय ही एक बात तय हो गई थी कि, उपमुख्यमंत्री का एक ही पद होगा और उस पर डी.के. शिवकुमार होंगे।

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# खड़गे-राहुल की सभा से पहले ही राजस्थान कांग्रेस की एकजुटता हवा हुई

## होर्डिंग में पायलट को स्थान नहीं, अनुशासनहीनता के नोटिस का सामना करने वाले धारीवाल को दी जगह

जयपुर, 22 सितम्बर (का.प्र.)। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को राजधानी जयपुर में कांग्रेस के नए प्रदेश मुख्यालय भवन का शिलान्यास करेंगे। शिलान्यास के बाद मानसरोवर के शिप्रा पथ पर हाउसिंग बोर्ड ग्राउण्ड पर सभा रखी गई है। लेकिन, सोचने वाला विषय यह है कि, एक तरफ तो, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी कांग्रेसजनों को जीत का मंत्र देने आ रहे हैं, वहीं, दूसरी तरफ कार्यक्रम से पहले ही एक बार फिर राजस्थान में कांग्रेस की खेमेबाजी उभर कर सामने आ गई है। हुआ यह है कि, कार्यक्रम के लिए प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर जो होर्डिंग्स लगे हैं उनमें, 25 सितंबर 2022 की घटना में दोषी माने जाने के बाद नोटिस का सामना कर रहे मंत्री शांति धारीवाल की फोटो तो लगी है, लेकिन कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य सचिन पायलट को होर्डिंग में जगह नहीं दी गई।

कांग्रेस मुख्यालय भवन के पोस्टरों में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के साथ प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और अरबन डवलपमैंट एण्ड हाउसिंग (यू.डी.एच.) मंत्री शांति धारीवाल के

- कांग्रेस के बेहद जनप्रिय नेता सचिन पायलट की अनदेखी करने की इस कोशिश से पार्टी नेतृत्व के एकजुटता के दावे बेमानी से लगते हैं।
- राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के नए प्रदेश मुख्यालय का शिलान्यास करने जयपुर आ रहे हैं और इस अवसर पर सभा को भी संबोधित करेंगे।
- राहुल की सभा में 60 हजार लोग जुटाने का प्रस्ताव है, सभी को टारगैट किया गया है पर दो दिन पहले ही मुख्यमंत्री के एक कार्यक्रम में जयपुर के तीन मंत्री 500 लोग भी नहीं जुटा पाए थे, ऐसे में उनकी क्षमता पर संशय है।

(शेष पृष्ठ 5 पर)





मैं खिलाड़ी की काबिलियत का आकलन इस आधार पर करता हूं कि वह कितने साल खेल सका। - रिंकी पोंटिंग

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, खिलाड़ियों की काबिलियत को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — राहुल द्रविड़



**भारतीय** कोच राहुल द्रविड़ ने भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज से पहले सूर्यकुमार यादव के चयन का बचाव किया है। कोच ने कहा कि अश्विन की कैलीवर के गेंदबाज को ट्रायल पर नहीं रखा जाता, जबकि सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी को वर्ल्ड कप टीम में अपनी जगह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। कोच ने अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर को वर्ल्ड कप प्लांस का हिस्सा बताया और कहा- अश्विन-सुंदर को अक्षर पटेल के संभावित विकल्प के रूप में टीम में जगह दी गई है और अगर अक्षर जांघ की चोट से उबरने में नाकाम रहते हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** गोल्फ एकमात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया है। 6 फरवरी, 1971 को एलन शेफर्ड नामक अंतरिक्ष यात्री ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

## 19वें एशियाई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों से भेदभाव पर भारत ने जताई आपत्ति

नयी दिल्ली, 22 सितंबर। भारत ने चीन द्वारा उसके कुछ खिलाड़ियों को 19वें एशियाई खेलों में प्रवेश से वंचित किए जाने पर शुक्रवार को कड़ी आपत्ति व्यक्त की और केंद्रीय खेल एवं युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर की चीन यात्रा को रद्द कर दी गई है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने आज यहां कुछ भारतीय खिलाड़ियों को 19वें एशियाई खेलों में प्रवेश से वंचित किए जाने पर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा भारत सरकार को पता चला है कि चीन के अधिकारियों ने निशाना बनाते हुए और पूर्व-निर्धारित तरीके से अरुणाचल प्रदेश के कुछ भारतीय खिलाड़ियों को चीन के हांगझोउ में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में मान्यता और प्रवेश से वंचित करके उनके साथ भेदभाव किया है। श्री बागची ने कहा, हमारी लंबे समय से चली आ रही और सुसंगत स्थिति के अनुरूप, भारत, दृढ़ता से भारतीय नागरिकों के साथ उनके निवास स्थान एवं जातीयता के आधार पर भेदभावपूर्ण व्यवहार को अस्वीकार करता है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है और रहेगा।

## चीन ने एशियाई खेल उद्घाटन समारोह के लिए ध्वजवाहकों की घोषणा की

हांगझू, 22 सितंबर। चीन ने तैराक किन हैयांग और बास्केटबॉल खिलाड़ी यांग लिवेई को शुक्रवार को 19वें एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह के लिए ध्वजवाहक के रूप में नामित किया गया। तैराकी विश्व चैंपियन किन के नाम तीन स्पर्धाओं में एशियाई रिकॉर्ड और 200 मीटर में एक विश्व रिकॉर्ड है। वह 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के हांगझउ में होने वाले एशियाई खेलों में पुरुषों की 50 मीटर, 100 मीटर और 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और दो रिले में भाग लेंगे। महिला बास्केटबॉल कप्तान यांग लिवेई ने पिछले वर्ष विश्व कप में रजत पदक जीतने के बाद जुलाई में एशिया कप की जीत के लिए अपने साथियों का नेतृत्व किया। एशियाई खेलों के लिए चीन ने 886 एथलीटों सहित 1,329 सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल की घोषणा की है। चीन के खिलाड़ी 38 खेलों की 407 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। उल्लेखनीय एशियाई खेलों का उद्घाटन समारोह शनिवार शाम को होगा और यह खेल आठ अक्टूबर तक चलेंगे।

# पहली बार तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 बना भारत

### मोहाली में 27 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को हराया, शमी ने लिए 5 विकेट




मोहाली, 22 सितम्बर । भारत ने वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हरा दिया है। इस जीत से भारतीय टीम वनडे रैंकिंग में नंबर-1 पोजिशन पर आ गई है। टीम पहली बार तीनों फॉर्मेट में नंबर-1 पोजिशन पर पहुंची है। भारतीय टीम ने मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में कंगारुओं को 27 साल बाद हराया है। इससे पहले, टीम को ऑस्ट्रेलिया पर आखिरी जीत 1996 में मिली थी। तब टीम इंडिया ने 5 रन से मुकाबला जीता था।

मोहाली में टीम इंडिया ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले खेलने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम 50 ओवर में 276 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जवाब में टीम इंडिया ने 48.4 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारतीय ओपनर शुभमन गिल ने वनडे करियर की 9वीं फिफ्टी जमाई। उन्होंने महज 37 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। गिल ने 63 बॉल पर 74 रनों की पारी खेली। उन्होंने 117.46 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। गिल की पारी में 6 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। ऋतुराज गायकवाड वनडे करियर की पहली फिफ्टी बनाकर आउट हुए। गायकवाड ने 77 बॉल की पारी में 92.21 के स्ट्राइक रेट से 71 रन बनाए। उन्हें एडम जम्पा ने किया। सूर्यकुमार यादव ने वनडे करियर की तीसरी फिफ्टी जमाई।

उन्होंने 49 बॉल पर 50 रन बनाए। उन्होंने 102.04 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। सूर्या की पारी में 5 चौके और एक छक्का शामिल रहा। रेग्युलर कैप्टन रोहित शर्मा की जगह कप्तानी कर रहे केएल राहुल ने वनडे करियर की 14वीं फिफ्टी जमाई। उन्होंने चौका जमाकर अर्धशतक पूरा किया। इतना ही नहीं, राहुल ने सिक्स जमाकर टीम को जीत दिलाई। राहुल ने 63 बॉल पर 68 रनों की पारी खेली। उन्होनें 92.06 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। राहुल की पारी में 4 चौके और एक सिक्स शामिल रहा। भारतीय ओपनर्स ने शतकीय साझेदारीकर अपनी टीम को जबर्दस्त शुरुआत दी। गिल-गायकवाड की जोड़ी ने 130 बॉल पर 142 रन की ओपनिंग साझेदारी की। इस साझेदारी को एडम जम्पा ने तोड़ा।

# पंघाल को कांस्य पदक के साथ मिला 2024 ओलंपिक का कोटा



बेलग्रेड, 22 सितंबर। भारतीय महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं की 53 किग्रा स्पर्धा में स्वीडन की दो बार की यूरोपीय चैंपियन एम्मा जोना डेनिस मालमग्रेन को हराकर कांस्य पदक जीता। सर्बिया के बेलग्रेड में गुरूवार को खेले गये इस मुकाबले में अंतिम पंघाल ने कांस्य पद जीतने के साथ पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया है। ग्रीष्मकालीन खेलों के आगामी संस्करण के लिए कुश्ती में यह देश का पहला कोटा है।

ओलिंपिक डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, दो बार की अंडर-20 विश्वचैंपियन अंतिम पंघाल ने जोना मालमग्रेन पर दबाव बनाते हुए तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर कांस्य पदक मुकाबले को 16-6 से जीत लिया। इससे पहले, अंतिम पंघाल ने शुरुआती दौर में 2022 विश्वचैंपियन अमेरिका की डोमिनिक ओलिविया पैरिश को 3-2 से हराया था। भारतीय पहलवान ने क्वार्टरफाइनल में रूस की नतालिया मालिशेवा के ख़िलाफ़ 9-6 से जीत हासिल करने से पहले राउंड ऑफ 16 में पोलैंड की रोक्साना मार्ता ज़सीना पर तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत हासिल की थी। हालांकि, विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में महिलाओं के 53 किग्रा फ्रीस्टाइल सेमीफाइनल में बेलारूस की वेनेसा कलादज़िंस्काया से अंतिम पंघाल को 5-4 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

इस बीच, 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता गुरप्रीत सिंह (77 किग्रा) और अजय (55 किग्रा) को गुरुवार को बेलग्रेड में ग्रीको-रोमन कुश्ती के अपने राउंड ऑफ 32 के मुकाबलों में हार मिली। अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में पहले भारतीय ग्रीको-रोमन पदक विजेता साजन (82 किग्रा) और मेहर सिंह (130 किग्रा) क्वालिफिकेशन राउंड से आगे नहीं बढ़ सके। इससे पहले बेलग्रेड में प्रतिस्पर्धा करने वाले 10 भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवान पदक जीतने में असफल रहे और कोई भी पुरुष पहलवान ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर सका।

भारत के पुरुष 70 किग्रा फ्रीस्टाइल पहलवान अभिमन्यु को अर्मेनिया के अरमान एंड्रियासियन से कांस्य पदक मैच में हार का सामना करना पड़ा जिसके बाद वह पदक से चूक गए। यह एक गैर-ओलंपिक कोटा इवेंट था। इस बीच, मनीषा (62 किग्रा), प्रियंका (68 किग्रा) और ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) अपने-अपने महिला फ्रीस्टाइल वर्ग में पदक मुक़ाबलों में जगह बनाने में असफल रहीं।

# वनडे के वर्ल्ड चैम्पियन को मिलेंगे 33 करोड़

### फाइनल हारने वाली टीम को मिलेगा 16 करोड़ का इनाम

दुबई, 22 सितम्बर। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारत में 5 अक्टूबर से शुरू हो रहे वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप की प्राइज मनी का शुक्रवार को ऐलान कर दिया है। इस बार के वर्ल्ड चैंपियन को करीब 33 करोड़ रुपए (4 मिलियन डॉलर) की इनामी राशि मिलेगी, जबकि उपविजेता को करीब 17 करोड़ रुपए (2 मिलियन डॉलर) से मिलेंगे। इस बार करीब 83 करोड़ रुपए (10 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की प्राइज मनी बांटने जा रहा है। काउंसिल ने अलग-अलग राउंड के लिए अलग-अलग प्राइज मनी तय की है। विनर और रनर अप के अलावा, वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल हारने वाली टीम को करीब 6 करोड़ रुपए और ग्रुप स्टेज से बाहर होने वाली टीम को करीब 82 लाख रुपए मिलेंगे। इस बार जारी प्राइज मनी पिछले सीजन के बराबर ही है। काउंसिल ने पिछली प्राइज मनी करीब 83 करोड़ रुपए में कोई बदलाव नहीं किया है। पिछले सीजन की चैंपियन इंग्लैंड को भी करीब 33 करोड़ रुपए मिले थे। वनडे वर्ल्ड कप में भारत का पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट का फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

# मोदी रखेंगे काशी में क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला

वाराणसी 21 सितम्बर। देश की सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर विख्यात वाराणसी में 451 करोड़ रूपये की लागत से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। स्टेडियम का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 सितंबर को करेंगे जिसमें सचिन तेंदुकलर और सुनील गावस्कर जैसे तमाम दिग्गजों के भाग लेने की संभावना है। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देने 23 सितम्बर को काशी आ रहे है। करीब 451 करोड़ के लागत से अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से मैच देखने के साथ ही, इंटरनेशनल क्रिकेटर का आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार होगा। स्टेडियम के शिलान्यास में क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर व सुनील गावस्कर के आने की संभावना है। इस परियोजना में योगी सरकार ने जमीन अधिग्रहण पर 121 करोड़ रुपये खर्च किए हैं जबकि बीसीसीआई 330 करोड़ रुपये खर्च करके स्टेडियम का निर्माण कराएगा।

उत्तर प्रदेश सरकार ने यह ज़मीन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) को लम्बे समय के लिए पट्टे पर दी है। 30 हज़ार दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम में सात पिच (प्रैक्टिस व मेन विकेट) तथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के नियमनुसार अत्याधुनिक स्टेडियम निर्माण होगा। स्टेडियम के दिसंबर 2025 तक बनकर तैयार होना संभावित है। शिलान्यास समारोह में सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, रवि शास्त्री, दिलीप वेंगसरकर जैसे कई दिग्गज क्रिकेटरों के मौजूद रहने की संभावना है । इस कार्यक्रम में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ल, सचिव जय शाह भी मौजूद रहेंगे। उन्होने बताया कि वाराणसी के राजातालाब इलाके के गंजारी गांव में रिंग रोड के पास यह स्टेडियम लगभग 30 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर के बाद अब वाराणसी में बनने जा रहे नए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भी भगवान शिव और काशी की झलक देखने को मिलेगी।



# पत्नी की हत्या कर पति ने ट्रेन के आगे छलांग लगाई, दोनों की मौत

### घरेलु बात को लेकर पति-पत्नी में आपस में झगड़ा हो गया था

- पति ने गुस्से में आकर पत्नी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किये थे

**रतनगढ़,** (निसं)। तहसील के गांव पायली में शुक्रवार सुबह घरेलु बात को लेकर पति पत्नी में झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि पति ने गुस्से में आकर पत्नी पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर दिए। घटना के बाद पति ने गांव के पास बने रतनगढ़-बीकानेर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। वहीं घायल पत्नी विमला की बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलने पर राजलदेसर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से घटना की जानकारी ली।

राजलदेसर थानाधिकारी रतनलाल ने बताया कि पायली निवासी छगनलाल मेघवाल (30) गुरूवार रात घर आकर खाना खाकर सो गया था। शुक्रवार सुबह किसी बात को लेकर उसका अपनी पत्नी विमला (25) से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। दोनों में बात इतनी बढ़ गई कि छगनलाल ने कुल्हाड़ी से विमला पर हमला कर दिया। उसने करीब आधा दर्जन वार कर विमला को लहूलुहान कर दिया। घटना के बाद छगनलाल घर से भाग गया। कुल्हाड़ी के हमले से घायल विमला के चीखने पर उसकी सास दौड़कर आई। कमरे में बिखरा खून और लहूलुहान हालत में बहू को देखकर सास ने अपने अन्य दो बेटों और पड़ोसियों को मदद के लिए बुलाया। गंभीर हालत में विमला को टेम्पो से रतनगढ़ जिला अस्पताल पहुंचाया। इसी दौरान छगनलाल ने गांव में बने रतनगढ़-बीकानेर ट्रेक पर जाकर ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। वहीं डॉक्टरों ने विमला को प्राथमिक इलाज के बीकानेर रैफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

थानाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि पायली निवासी 30 वर्षीय छगनलाल ने ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंच कर रेलवे ट्रैक से शव को उठाकर रतनगढ़ जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जहां रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उसके शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। घटना के बाद परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि छगनलाल की शादी करीब डेढ़ साल पहले रतनगढ़ तहसील के गांव हरदेसर की विमला के साथ हुई थी। दोनों सामान्य रूप से जीवन जी रहे थे। मगर अचानक ऐसा क्या हुआ कि उसने विमला पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और खुद सुसाइड कर लिया। इसके बारे में किसी को कुछ पता नहीं है।

# दो बाइक टकराई, पिता-पुत्री की मौत

- हादसे में बहन-भाई घायल, अस्पताल में भर्ती करवाया
- पालना देवनारायण मंदिर पर मेले में शामिल होने जा रहे थे

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के पुर थाना इलाके में बीती देर रात नेशनल हाइवे 48 पर दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में पिता-पुत्री की मौत हो गई, जबकि बहन-भाई घायल हो गये। घायल युवक को एमजी अस्पताल, जबकि उसकी बहन को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार धूलखेड़ा निवासी नंदलाल (40) पुत्र कासू माली बीती रात अपनी विवाहिता पुत्री गाडरी खेड़ा, मेजा निवासी कैलाशी (22) पत्नी श्यामलाल माली के साथ भादवी छठ के मौके पर पांसल स्थित पालना देवनारायण मंदिर पर आयोजित मेले में शामिल होने बाइक से जा रहे थे। मंदिर और धूलखेड़ा के बीच, इनकी बाइक को सामने से आई एक अन्य बाइक ने टक्कर मार दी।

हादसे में नंदलाल, कैलाशी के साथ ही दुसरी बाइक पर सवार खटीक मोहल्ला, पांसल निवासी भंवरलाल (23) पुत्र देबीलाल माली व उसकी बहन राधा घायल हो गई। इन चारों को एमजी अस्पताल ले जाया गया, जहां नंदलाल की हालत गंभीर होने से उसे उदयपुर के महाराणा भूपाल चिकित्सालय के लिए, जबकि राधा माली को शहर के ही निजी अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया।

जबकि कैलाशी व भंवर लाल को एमजी अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरु किया गया। पुलिस ने बताया कि नंद लाल ने उदयपुर, जबकि उसकी बेटी कैलाशी ने यहां एमजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों मृतक का पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर हादसे के कारणों की जांच शुरू की है।

# नकदी व चैक से रिश्वत लेते मेड़ता ग्राम पंचायत सरपंच गिरफ्तार

### पीड़ित से 50 हजार रूपये नकद व 2.65 लाख का चैक लिया

**उदयपुर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर इकाई ने मेड़ता ग्राम पंचायत के सपरंच खेमसिंह देवडा को पीड़ित से 50 हजार रूपये नकदी व 2 लाख 65 हजार का चैक रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महा निदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की उदयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके विरूद्ध उसके द्वारा संचालित स्कूलों को आबादी भूमि पर अतिक्रमण करके स्कूल बनाने की शिकायत सम्पर्क पोर्टल पर की गई थी। जिसकी जांच में उसके पक्ष में कार्यवाही कर उक्त आबादी भूमि के अतिक्रमण को नियमित करने की एवज में खेमसिंह देवड़ा सरपंच ग्राम पंचायत मेडता तहसील मावली द्वारा 4लाख रूपये रिश्वत राशी की मांग कर परेशान किया जा रहा है। आग्रह करने पर आरोपी 3 लाख 50 हजार रूपये लेने पर सहमत हुआ। जिस पर एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के निर्देशन में एसीबी की उदयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रमसिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया।

इस दौरान निरीक्षक डॉ. सोनू शेखावत मय टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए खेमसिंह देवड़ा पुत्र शंभुसिंह देवड़ा निवासी ग्राम पंचायत मेडता तहसील मावली जिला उदयपुर को परिवादी से 3 लाख 50 हजार रूपये जिसमें 50 हजार नकद व 2 लाख 65 हजार रूपये का स्वयं के नाम का चैक लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि आरोपी सरपंच द्वारा परिवादी को रिश्वत राशि और चैक के साथ बैंक शाखा में ही बुलावाया, जहां आरोपी द्वारा रिश्वत राशि एवं चैक प्राप्त कर भुगतान कराने की कोशिश की, जिसे एसीबी की टीम ने दबोच लिया। शिकायत सत्यापन के दौरान आरोपी सरपंच द्वारा 25 हजार रूपये रिश्वत पूर्व में ग्रहण करना स्वीकार किया। ब्यूरो की टीम आरोपी के निवास व अन्य स्थानों पर तलाशी करने में जुटी है।

# कुकर्म के आरोपी को कठोर कारावास

**बौंली,** (निसं)। सवाई माधोपुर परिवार व पोक्सो न्यायालय ने एक सात वर्षीय नाबालिग के साथ कुकर्म करने के आरोपी हंसराज गुर्जर को दोष सिद्ध हो जाने पर सात वर्ष का कठोर कारावास व 26 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

पीड़ित व राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ट लोक अभियोजक अनिल कुमार जैन ने न्यायालय को अवगत कराया कि जिले के एक थाने में एक पिता ने मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद आरोपी को 24 जून 2022 को ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया तब से ही आरोपी न्यायिक अभिरक्षा में चल रहा है।

# गैंगस्टर रोहित गोदारा का खास गुर्गा दानाराम गिरफ्तार

- बीकानेर के दो व्यापारियों व दो क्रिकेट सटोरियों से फिरौती की योजना पर काम कर रहा था आरोपी

**बीकानेर,** (कासं)। गैंगस्टर रोहित गोदारा के खास गुर्गे व लूणकरनसर थाने के हिस्ट्रीशीटर दानाराम उर्फ दानिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस ने 75 हजार का ईनाम घोषित कर रखा था।

पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि चूरू के भानीपुरा हालपता वार्ड नंबर दो लूणकरनसर निवासी दानाराम उर्फ दानिया (25) पुत्र जगदीश प्रसाद सियाग को फतेहपुर-सीकर के बीच से गिरफ्तार किया गया। आरोपी बीकानेर के दो व्यापारियों व दो क्रिकेट सटोरियों से फिरौती की योजना पर काम कर रहा था। पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस अधीक्षक ने पुलिस निरीक्षक महेन्द्र दत्त शर्मा के नेतृत्व में नापासर एसएचओ संदीप पूनिया, साइबर सेल के हवलदार दीपक यादव, दिलीप सिंह, सिपाही श्रीराम, सूर्यप्रकाश व देवेन्द्र की टीम गठित की।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर सेल की टीम हार्डकोर दानाराम की लोकेशन ट्रेस कर रही थी। इसी बीच दानाराम के हिसार में होने की सूचना मिली। तब पुलिस निरीक्षक महेन्द्र दत्त शर्मा व हवलदार दीपक यादव के नेतृत्व में टीम भेजी। पुलिस टीम को सूचना मिली की दानाराम बीकानेर की तरफ जा रहा है। पुलिस हिसार से दानाराम के पीछे लगी थी। आरोपी को फतेहपुर-सीकर के बीच घेर कर दबोच लिया। वहीं आरोपी व बीकानेर साइबर सेल से मिले इनपुट के आधार पर सीकर पुलिस ने राजू ठेहट हत्याकांड के षड्यंत्र में शामिल आरोपियों की आर्थिक मदद करने वाले सरजीत बिश्नोई को हिसार से गिरफ्तार किया। हार्डकोर सरजीत पर पुलिस मुख्यालय जयपुर की ओर से 25 हजार का ईनाम घोषित था।

हार्डकोर दानाराम पुलिस से बचने के लिए मारा-मारा फिर रहा था। वह यूपी, दिल्ली, हरियाणा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र, कोलापुर, दुर्ग, गोवा, रामेश्वरम, बैंगलुरू, धर्मशाला में भेष बदल कर रहा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गैंगस्टर गोदारा व उसके साथी हाई तकनीक इंटरनेट की फेक एपलीकेशन कॉलिंग एप से संपर्क में रहते हैं। दानाराम भी कॉलिंग एप के जरिए गैंगस्टर गोदारा से जुड़ा हुआ था। कॉलिंग एप के चलते बदमाशों को पकड़ना पुलिस के लिए चुनौती से कम नहीं था।

हार्डकोर दानाराम पर विभिन्न थानों में लूट, फायरिंग व फिरौती सहित 10 विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं। बीकानेर रेंज पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 50, पुलिस अधीक्षक ने 25 और पुलिस मुख्यालय जयपुर ने भी 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था। करीब तीन महीने पहले पुलिस व जिला प्रशासन की ओर से हार्डकोर दानाराम का अवैध जमीन पर बना मकान तोड़ा गया था।

# बरसात से आमजन को मिली गर्मी से राहत

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। शहर सहित आसपास के क्षेत्र में तीन दिन अच्छी धूप निकलने और गर्मी बढने के बाद शुक्रवार को मौसम का मिजाज एकाएक बदल गया। सुबह पौन घंटे तक अच्छी बारिश हुई और इसके बाद रुक-रुककर बारिश का दौर चलता रहा। शुक्रवार सुबह एकाएक मौसम बदल गया।

सुबह आसमान में काली घटाएं गहराई और देखते ही देखते बूंदाबांदी शुरू हो गई। पहले तो धीमी फिर तेज बारिश होने लगी। करीब पौन घंटे तक अच्छी बारिश हुई। जिसके बाद सडकों पर पानी भर गया। तापमान में गिरावट होने से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। गंगापुर में औसत बारिश का आंकडा 550 से 600 मिमी का है और इस साल औसत बारिश का आंकडा पूरा हो चुका है। राजेन्द्र जायसवाल कानूनगो ने बताया कि इस वर्ष गंगापुर सिटी क्षेत्र में एक जनवरी से अब तक 830 मिमी से अधिक और एक जून से अब तक 716 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। गौरतलब है कि 3 दिन पहले बारिश का दौर थम गया था। धूप पडने से गर्मी बढ गई थी। लेकिन शुक्रवार को हुई बारिश से लोगों को राहत मिली।

# मूसलाधार बारिश से खेतों में भरा पानी

### मूंगफली व खेतों में खड़ी बाजरे की फसल में फायदा

- वहीं कटी हुई खेतों में पड़ी फसल में नुकसान हुआ है

**निवाई,** (निसं)। बरसात का दौर दो दिन बाद फिर शुरू हो गया है। गत दो दिनों से शहर में कम व ग्रामीण क्षेत्र में अधिक बरसात हो रही है। गुरूवार की दोपहर बाद से मौसम में परिवर्तन शुरू हो गया था। दोपहर बाद आकाश में घने काले बादल छा गए और हल्की बरसात हुई। ग्रामीण क्षेत्र में शाम के समय तेज बारिश हुई।

जानकारी के अनुसार गुरूवार की देर रात को गांव मूण्डिया, सजिया, कनेसर, गुन्सी, लुहारा, राधागोविन्दपुरा, पलेई, जगतपुरा, सुनारा सहित आसपास के क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। तेज बारिश से खेतों में पानी भर गया। इससे मूंगफली व खेतों में खड़ी बाजरे की फसल में फायदा हुआ है लेकिन कटी हुई खेतों में पड़ी फसल में नुकसान हुआ है। शुक्रवार को भी ग्रामीण क्षेत्र में तेज बरसात को दौर जारी रहा। शुक्रवार की दोपहर बाद गांव सूरिया, हनोतिया बुजुर्ग, काचरिया सहित आसपास के क्षेत्र में करीब डेढ घण्टे मूसलाधार बारिश हुई जिससे खेत बरसाती पानी से भर गए। किसानों ने बताया कि बरसात हो जाने से रबी की फसल भी बुआई हो सकेगी। शुक्रवार की शाम शहर में भी हल्की बारिश हुई है। लगातार दो दिन से क्षेत्र में बरसात होने से तापमान में एक बार फिर गिरावट आ गई है जिससे दो दिन से पड़ रही गर्मी से राहत मिली है।

# चाकू दिखाकर चेन लूटने वाली गैंग का पर्दाफाश

जयपुर। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने जवाहर सर्किल, बजाजनगर व चित्रकूट इलाके में पुरुषों को चाकू दिखाकर चेन लूटने वाली गैंग का पर्दाफाश कर शातिर चैन स्नैचर साजिद व एक खरीददार को गिरफ्तार किया है। दोनें से सोने की पांच चेन, वारदात में प्रयुक्त चाकू व 39 हजार 500 रुपए बरामद किए है। आरोपी साजिद पूर्व में

■ आरोपी खरीददार गिरफ्तार, सोने की 5 चेन बरामद

शास्त्रीनगर थाना इलाके में डकैती की योजना बनाते गिरफ्तार हुआ था।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी साजिद उर्फ साहिल पुत्र गुलाम (29) निवासी संजय नगर शास्त्रीनगर और नीरज जैन पुत्र धर्मचन्द जैन (40) निवासी एलएस नगर नयाखेड़ा विद्याधर नगर है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने वारदातों का खुलासा किया है। गिरफ्तार साजिद उर्फ साहिल दिल्ली में कपड़े की दुकान का काम करता है और पिता जयपुर में फलों का ठेला लगाता है। साजिद ने पूछताछ में बताया कि वह नाबालिग था तब से ही जेब काटना, लूट करना, पर्स, मोबाइल व चैन स्वैचिंग की वारदात करता है। टंगड़ी मारकर जेब काटने का आदि है। वारदात के बाद पटेल नगर दिल्ली जाकर लग्जरी तरीके से जीवन यापन करता है। साजिद के खिलाफ लूट, मारपीट, डकैती व स्नैचिंग के 9 प्रकरण दर्ज है। साथी मोहम्मद ओवेश से दिल्ली में बस में मिला था तब से दोनों साथ में वारदात कर रहे है। आरोपी सुनार नीरज जैन से साजिद 4-5 साल से सम्पर्क में है, जो वारदात के बाद चैनों को खरीदने का काम करता है। उसके बदले मे साहिल नीरज जैन से पैसे या सोने का सामान लेकर चला जाता है। चेन स्नैचर साजिद उर्फ साहिल से सोने की दो चैन, चाकू व 39500 रुपए बरामद किए है वहीं सुनार से सोने की तीन चैन बरामद की है। फरार मोहम्मद ओवेश वारदात के समय बाइक चलाता है।



पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने जवाहर सर्किल, बजाजनगर व चित्रकूट इलाके में लोगों को चाकू दिखाकर चेन लूटने वाले शातिर चैन स्नैचर साजिद व एक खरीददार को गिरफ्तार किया है।

## भ्रष्टाचार में डूबी आरपीएससी को बचाने में जुटी एसीबी : देवनानी

जयपुर। पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री और अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने ईओ और आरओ भर्ती मामले में भ्रष्टाचार को लेकर एसीबी की जांच पर कोर्ट की ओर से की गई टिप्पणी पर गहलोत सरकार के खिलाफ तीखा हमला बोला है। देवनानी ने कहा कि गहलोत सरकार आरपीएससी में बैठे अपने चहेतों को बचाने के लिए जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है। देवनानी ने कहा कि इस मामले में कोर्ट की ओर से की गई टिप्पणियां बेहद गंभीर है और एसीबी की जांच पर कई सवाल खड़े करती है। देवनानी ने कहा कि कोर्ट की टिप्पणी के बाद साफ है कि जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कौन कर रहा है।



नये प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के शिलान्यास के लिये पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जयपुर आएंगे। मानसरोवर में होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके बाद राहुल व खड़गे जेडीए द्वारा तैयार गांधी वाटिका का भी लोकार्पण करेंगे।

# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर पचास हजार रुपये का हर्जाना लगाया

## अदालती आदेश की चार साल बाद भी पालना नहीं करने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश की चार साल बाद भी पालना नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार पर पचास हजार रुपए का हर्जाना लगाते हुए आदेश की पालना के लिए 27 सितंबर तक का समय दिया है। अदालत ने कहा है कि हर्जाना राशि की वसूली जिम्मेदार दोषी अधिकारियों से की जा सकती है। वहीं अदालत ने अतिरिक्त मुख्य गृह सचिव और डीजीपी को हाजिर होकर शपथ पत्र पेश कर यह

■ हाईकोर्ट ने दोषी अधिकारियों से वसूलने की छूट दी

बताने को कहा है कि अब तक आदेश की पालना नहीं करने का क्या कारण है। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि आगामी सुनवाई तक आदेश की पालना कर ली जाती है तो दोनों अधिकारियों को पेश होने की जरूरत नहीं है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश गुड्डी देवी की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से आदेश की पालना के लिए एक सप्ताह का समय मांगा गया। जिसका विरोध करते हुए याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि अदालत ने करीब चार साल पहले याचिकाकर्ता को परिलाभ देने के आदेश दिए थे, लेकिन अब तक आदेश की पालना नहीं की गई। ऐसे में दोषी अफसरों को अवमानना के लिए दंडित किया जाए। इस पर अदालत ने राज्य सरकार को पचास हजार रुपए के हर्जाने की शर्त पर 27 सितंबर तक का समय देते हुए पालना नहीं होने पर एसीएस गृह व डीजीपी को हाजिर होने को कहा है। याचिका में कहा गया कि कांस्टेबल भर्ती-2018 में चयन नहीं होने पर याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने 18 अक्टूबर 2019 को याचिकाकर्ता को नियुक्ति देने के आदेश देते हुए परिलाभ अदा करने को कहा था।

# परिवर्तन संकल्प महासभा की डगर रिंग रोड से आसान होगी : डॉ. सौम्या

■ पीएम मोदी की ''परिवर्तन संकल्प महासभा'' के लिए महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने मंदिर दर्शन के बाद सभास्थल पर किया श्रमदान : रक्षा भंडारी

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की25 सितंबर को जयपुर के दादिया में प्रस्तावित परिवर्तन संकल्प महासभा की व्यवस्थाओं को संभालने की जिम्मेदारी निभा रही महिला मोर्चा की पदाधिकारियों का एक समूह शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समर्थन में नारे लगाते हुए दादिया के लिए रवाना हुआ।

महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने बताया कि महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने दादिया पहुंचकर हनुमान मंदिर में दर्शन किए, उसके उपरांत पांडाल स्थल पर व्यवस्था हेतु स्वच्छता अभियान चलाया। इसके अलावा महिलाओं ने कार्य विभाजन को लेकर एक बैठक की, जिसमें सभी महिलाओं को अलग-अलग व्यवस्थाओं का जिम्मा दिया गया। जिसमें पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था सहित सभास्थल तक पहुंचने के लिए वाहनों की व्यवस्था शामिल है।

जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने बताया कि पूर्व में राजनैतिक सभाओं और रैलियों में ट्रैफिक जाम और अव्यवस्था की खबरें आती रही हैं, लेकिन इस बार पीएम मोदी की ''परिवर्तन संकल्प महासभा'' के लिए शहर से बाहर दादिया गांव में सभास्थल चिन्हित किया गया है। सभास्थल की कनेक्टिविटी की बात करें तो यहां रिंग रोड से चारों ओर से आने में सुविधा होगी जिसमें अजमेर रोड से रिंग रोड होते हुए लोग आ सकते हैं, वहीं टोंक रोड से आने वाले लोग बीलवा होते हुए आ सकते हैं, आगरा रोड से आने वाले लोग कानोता होते हुए सभास्थल पहुंच सकेंगे इसके अलावा सीकर रोड से आने वाले लोग झोटवाड़ा होते हुए रिंग रोड पकड़ सकते हैं।

## शमीम अहमद वक्फ बोर्ड में सदस्य बने



जयपुर। अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने आदेश जारी कर एडवोकेट शमीम अहमद कुरैशी को राजस्थान वक्फ अधिकरण में पुनः तीन वर्ष के लिए सदस्य मनोनीत किया है।

# जयपुर में एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा ने माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट में उड़ान भरी

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान के उपमहानिदेशक ने पदभार ग्रहण करने के बाद पहली बार माइक्रोलाइट प्रशिक्षण विमान का प्रथम राजस्थान एयर स्क्वाड्रन एनसीसी जयपुर एयरपोर्ट पर स्थित हैंगर का निरीक्षण किया।

जयपुर ग्रुप मुख्यालय जयपुर के तत्वावधान में सांगानेर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एन.सी.सी. कैडेट्स की माइक्रोलाइट विमान प्रशिक्षण का आयोजन प्रथम राजस्थान एयर स्क्वाड्रन एन.सी.सी.जयपुर के कमान अधिकारी ग्रुप कैप्टन नीरज अंबा के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जयपुर के महाविद्यालयों के सीनियर डिवीजन के कैडेट्स ने भाग लिया।

आज का प्रशिक्षण ऐतिहासिक रहा क्योंकि राजस्थान के उपमहानिदेशक एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा ने खुद माइक्रोलाइट विमान में उड़ान भरी और एन.सी.सी. कैडेट्स को विमान उड़ान संबंधित मूलभूत सिद्धांतों से अवगत कराया एवं हौसला अफजाई करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। माइक्रोलाइट 2 सीटर वाला प्रशिक्षण विमान है जिसका नाम ''गरुड़'' दिया गया है माइक्रोलाइट फ्लाइंग एन सी सी एयर विंग के कैडेट्स को वायु सेना में जाने को प्रेरित करती है।




राजस्थान के उपमहानिदेशक एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा ने खुद माइक्रोलाइट विमान में उड़ान भरी और एन.सी.सी. कैडेट्स को विमान उड़ान संबंधित मूलभूत सिद्धांतों से अवगत कराया एवं हौसला अफजाई करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।

एन.सी.सी.के पूर्व चीफ ऑफिसर नंदकिशोर शर्मा मीडिया प्रभारी ने बताया कि राजस्थान के उपमहानिदेशक को 5000 घंटे का वायुयान उड़ाने का अनुभव के साथ भारतीय वायुसेना की लडाकू विमान शाखा के फ्लाइंग पायलट है जिन्होंने वायु सेवा के विभिन्न वायुयान उड़ाए हैं एवं वे स्वयं भी वायु सेवा के विमानन प्रशिक्षक भी रहे हैं।

## राजस्थानी संगीत का आनंद लिया विदेशी मेहमानों ने

जयपुर। जयपुर बाय नाइट (जेबीएन) के पहले दिन शुक्रवार शाम को देशी और विदेशी पर्यटकों व मेहमानों ने जयगढ़ फोर्ट पर राजस्थान की अद्भुत संस्कृति, विरासत और संगीत का अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त किया। राजस्थान मूल के प्रख्यात गायक कुतले खान ने केसरिया बालम, मूमल, सानू इक पल चैन ना आवे, छाप तिलक, मस्त कलंदर, ये जो हल्का हल्का सुरूर है, मस्त नजरों से अल्लाह बचाए आदि मंत्रमुग्ध करने वाला संगीत प्रस्तुत किया। वहीं गुलाबी शहर की विरासत और संस्कृति का विशेष प्रदर्शन देखने को मिला।

# टाटियावास टोल प्लाजा पर 35 हजार रुपए हर्जाना

जयपुर, (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर प्रथम ने वाहन से पचास रुपए अधिक टोल वसूली करने को सेवा दोष माना है। इसके साथ ही आयोग ने टाटियावास टोल प्लाजा व जयपुर-रींगस टोल रोड प्रा.लि. के मैनेजर पर 35 हजार रुपए हर्जाना लगाया है। वहीं आयोग ने परिवादी से अधिक वसूले गए वसूले 50 रुपए भी 3 फरवरी 2016 से भुगतान करने तक नौ फीसदी ब्याज सहित देने को कहा है। आयोग अध्यक्ष सूबेसिंह व सदस्य नीलम शर्मा ने यह आदेश गिरधारी लाल के परिवाद पर दिए।

आयोग ने अपने आदेश में कहा कि रसीद पर बार कोड के अलावा नंबर भी थे और पूरा सिस्टम ही कंप्यूटराईज्ड होने के चलते वाहन की सभी जानकारी उसमें होती है। ऐसे में विपक्षी केवल फटी हुई पर्ची का हवाला देकर टोल की अवैध वसूली नहीं कर सकते। विपक्षी को इसकी जांच करनी चाहिए थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया है जो साफ तौर पर विपक्षी का सेवादोष ही है। परिवाद में कहा गया कि परिवादी ने 27 दिसंबर 2015 को कार से सीकर जाते समय टोल प्लाजा, टाटियावास के काउंटर पर 80 रुपए जमा करवाकर रसीद ली थी। इसकी वैधता 28 दिसंबर तक थी। वहीं जब परिवादी रसीद की वैधता अवधि में सीकर से वापस टोल प्लाजा आया तो टोल कर्मचारियों ने उसकी रसीद को फटी हुई बताया और उससे टोल के लिए 50 रुपए वसूल लिए। परिवाद में बताया गया कि रसीद पर नंबर साफ तौर पर अंकित थे। इसके बावजूद उससे पचास रुपए की जबरन वसूली ली।

## एस.आई. के घर से लाखों रुपए के गहने-नकदी चोरी

जयपुर। मानसरोवर थाना इलाके में क्राइम ब्रांच में तैनात एसआई को परिवार के साथ सवाई माधोपुर जाना भारी पड़ गया।

सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात नकबजन लाखों रुपए के गहने व हजारों की नकदी पर हाथ कर फरार हो गए। पीड़ित को मामले की जानकारी मेले से लौटने पर चली। जिसमें बाद पीड़ित ने थाने पहुंच अज्ञात नकबजनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नकबजनों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार जीवन विहार निवासी जय किशन (38 ) 17 सितंबर से 20 सितम्बर तक सवाई माधोपुर में मेले की सुरक्षा व्यवस्था की ड्यूटी पर गए हुए थे। सवाई माधोपुर में मेले होने के कारण वो अपने परिवार को मेला दिखाने के लिए अपने साथ ले गए।

वापस लौटे तो मकान के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था और अंदर का ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा हुआ मिला।

अलमारी संभालने पर ज्वैलरी गायब मिली। बताया जा रहा है कि अज्ञात नकबजन अलमारी में रखा 7 तोला सोने का हार,ढ़ाई तोले सोने का हार,एक तोले सोने के 4 झूमके, 8 ग्राम सोने की चेन,12 ग्राम सोने की चेन, 8 ग्राम सोने की अंगूठी,एक हीरे की अंगूठी,17 ग्राम सोने का मंगल सूत्र,8ग्राम दो सोने की बाली,250 ग्राम चांदी की पायल,चुडिया,बिछिया व 70 हजार रुपए नकद चोरी कर फरार हो गए।

# हनीट्रैप में फांसकर ब्लैकमेल करने वाली गैंग का पर्दाफाश

## मास्टर माइंड समेत पांच बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

■ रेलवे कर्मचारी को घर बुला मारपीट की व अश्लील वीडियो बनाया, रुपए वसूले

जयपुर (कासं)। खोह नागोरियान थाना पुलिस ने रेलवे कर्मचारी को हनीट्रैप में फांसकर ब्लैकमेल करने वाली गैंग के मास्टर माइंड व युवती समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि जामडोली आगरा रोड निवासी युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह रेलवे में जॉब करता है। करीब 2 महीने पहले उसके मोबाइल पर एक अनजान लड़की का फोन आया और खुद का नाम अंजली बताकर मुझे पहले से जानने की कहकर बात करने लगी। फिर अंजली ने 16 सितंबर कॉल कर कहा कि हमारा नया मकान देखने आ जाओ, जिससे अपना मिलना भी हो जाएगा। 16 सितंबर को दोबारा कॉल कर नया मकान देखने बुलाया। लोकेशन भेजकर युवती ने गोवर्धन धाम कॉलोनी लुणियावास बुलाया और गेट खोलकर अंदर ले गई। कुछ देर बाद अंजली के साथ चार युवक भी कमरे में आ गए। उन लोगों ने मारपीट कर कपड़े उतरवा लिए और लड़की से संबंध बनाने के लिए कहा। बदमाशों ने लड़की के भी कपड़े उतरवा दिए और फिर दोनों के एक साथ फोटो-वीडियो बना लिए। न्यूड फोटो-वीडियो को भेजने की धमकी देकर 1 लाख रुपए मांगे। इज्जत बचाने के लिए युवक ने परिचितों से रुपए मंगवाकर ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। पुलिस ने मुख्य सरगना ओम प्रकाश (41) निवासी नादौती करौली, रिंकू कुमार उर्फ अजय (21) निवासी बालघाट करौली, सोनू मीणा (21) निवासी पीलोदा गंगापुर सिटी, राजूदास उर्फ राहुल (28) निवासी मथुरा उत्तर प्रदेश और शिवानी राजपूत (22) निवासी गौतम नगर उत्तर पदेश को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया है कि सरगना ओम प्रकाश ने पूरी प्लानिंग बनाई थी। वह अपने चचेरे भाई को हनीट्रैप में फंसाकर 40 लाख रुपए ऐंठना चाहता था। इसके लिए उसने अपनी महिला मित्र शिवानी को प्लानिंग के तहत चचेरे भाई को फंसाने के लिए तैयार किया। शिवानी ने दो महीने में पूरी तरह दोस्ती में पीड़ित को फांस लिया था। इसके बाद घर पर हनीट्रैप के लिए न्यूड वीडियो बनाने के लिए दोस्तों को बुलाया। पीड़ित के घर पहुंचने पर शिवानी उसे रोकने का प्रयास करती रही। गैंग के सदस्यों के पहुंचने पर मारपीट कर न्यूड फोटो-वीडियो बनाए गए।

## तेजा दशमी 25 को, कई जगह भरेंगे मेले

जयपुर । लोक देवता तेजाजी का जन्मोत्सव 25 सितंबर को तेजा दशमी के रूप में भक्तिभाव से मनाया जाएगा। तेजाजी के मंदिरों में मेले जैसा माहौल रहेगा। श्रद्धालु नारियल, पुआ-पकौड़ी, खीर सहित अन्य व्यंजनों का भोग लगकार मनौति मांगेगे। कई मंदिरों में पूर्व संध्या पर 24 सितंबर को रात्रि जागरण होंगे। मानसरोवर के वीटी रोड स्थित तेजाजी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचेंगे। पुरानी बस्ती, सीकर रोड, अंबावाड़ी, झोटवाड़ा, प्रतापनगर स्थित तेजाजी मंदिरों में भी तेजा दशमी की तैयारियां जोरशोर से चल रही है। न्यू सांगानेर रोड मुख्य सोडाला स्थित प्राचीन तेजाजी मंदिर में 25 सितंबर की सुबह से ही श्रद्धालुओं के जुटने का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

# सांगा बाबा का 500 किलो दूध से अभिषेक

## सांगा बाबा भौमियां जी मंदिर का दो दिवसीय पाटोत्सव संपन्न

जयपुर (कासं)। राजा सवाई मानसिंह प्रथम के नाम के साथ जुड़े सांगानेर के त्रिपोलिया गेट स्थित सांगा बाबा भौमियाजी मंदिर का 507 वां दो दिवसीय पाटोत्सव शुक्रवार को विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ संपन्न हुआ। वार्षिक मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सांगा बाबा भौमियां जी महाराज को धोक दी और श्रीफल अर्पित किए। सुबह नियमित पूजा-अर्चना के बाद सांगा बाबा भौमियां जी महाराज का वेद मंत्रोच्चार के साथ पांच सौ किलो दूध से अभिषेक किया गया। मुख्य यजमान वरिष्ठ पत्रकार डॉ. गोपाल शर्मा ने सांगा बाबा के भव्य मंदिर बनने की कामना के साथ पूजा-अर्चना कर अभिषेक किया।

मंदिर के मंदिर के पुजारी सत्येंद्र अजमेरा, शैलेंद्र अजमेरा, विरेन्द्र अजमेरा (माहेश्वरी महाजन) ने पूजा-अर्चना करवाकर आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान विद्वानों ने सस्वर रुद्री पाठ किए।

बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सांगा बाबा भौमियां जी महाराज का अपने हाथों से दुग्धाभिषेक किया। अभिषेक के बाद दूध को चरणामृत प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

अभिषेक संपन्न होने के बाद सांगा बाबा भौमियां जी महाराज को सिंदूरी चोला धारण कराकर नवीन पोशाक धारण कराई गई। मालपुए और खीर का भोग लगाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंट कर मनौती मांगी। दोपहर को मंदिर प्रांगण में भजन हुए। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। मनोज शर्मा सहित अन्य भजन गायकों ने देर रात तक हाजिरी दी। मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल शर्मा ने महाआरती की।

## एटीएम बूथ में तोड़फोड कर नकदी लूटने का प्रयास

जयपुर। ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके में अज्ञात दो बदमाशों ने एटीएम बूथ में घुसकर उसे तोड़फोड कर रूपये लूटने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। जानकारी मिलने पर केयरटेकर ने दोनो का पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन दोनो बदमाश उसे धक्का देकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। पुलिस ने दोनो बदमाशों के खिलाफ एटीएम से छेड़छाड़ व नकदी चोरी का प्रयास का मामला दर्ज कर फुटेज के आधार पर तलाश शुरू कर दी है। थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि केयरटेकर जितेंद्र मौर्य ने मामला दर्ज कराया कि 19 सितंबर की देर रात दो लड़के एटीएम से छेड़छाड़ कर रहे थे। जिन्हे पकड़ने का प्रयास किया तो वह धक्का देकर फरार हो गए। जितेंद्र ने उन्हे पकड़ने का प्रयास में कच्ची बस्ती तक पीछा भी किया लेकिन आरोपी आंखों से ओझल हो गए। एटीएम मशीन को संभाला तो शटर की असेंबली टूटी हुई मिली और लोहे की पत्ती में फंसे हुए 500 के 20 नोट मिले।

# मंत्रालयिक एकता मंच की समिति से वार्ता संपन्न

जयपुर (कासं)। मंत्रालयिक एकता मंच की शुक्रवार को मंत्रालयिक कर्मियों की मांगों के लिए प्रमुख शासन सचिव कार्मिक हेमंत गेरा की अध्यक्षता में गठित समिति से मंत्रालयिक संवर्ग की ग्रेड पे संशोधन व कनिष्ठ सहायक की शैक्षिणक योग्यता स्नातक करने पर वार्ता हुई।

मंत्रालयिक एकता मंच द्वारा कनिष्ठ सहायक की वेतन विसंगति सुधारने के लिए वर्ष 1998 से निरंतर किए गए संघर्ष, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के साथ किए गए लिखित समझौते तथा उसे यतेंद्र सिंह कमेटी के नाम पर 2007 तक इस लिखित समझौते को नकारे जाने के बारे में बताया। वर्ष 2013 में तत्कालीन प्रमुख वित्त सचिव डॉक्टर गोविंद शर्मा की अध्यक्षता में गठित समिति की कनिष्ठ सहायक का वेतन बढ़ाने की सिफारिश, 2016 में विधानसभा प्रश्न का लिखित में दिए गए जवाब आदि के साक्षी देते हुए कनिष्क की वेतन व समिति को सामने रखते हुए आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की मांग की गई। इसी के साथ दूसरी पदोन्नित पर ग्रेड पे 4200 किए जाने की मांग के पक्ष में तर्क रखे। समिति में प्रमुख शासन सचिव हेमंत गेरा, वित्त सचिव बजट रोहित गुप्ता, संयुक्त सचिव कार्मिक जय सिंह, संयुक्त सचिव वित्त सुरेश वर्मा मौजूद थे। वार्ता में मंत्रालय के एकता मंच के शिष्टमंडल में प्रांतीय कोर कमेटी सदस्य एवं एकीकृत महासंघ प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र राठौड़, राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पारीक, राजस्थान मिनिस्टरियल सर्विसेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धाभाई, मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका शामिल थे।

## सुगंध दशमी पर कल धूप से महकेंगे जिनालय

जयपुर । दिगंबर जैन समाज दशलक्षण महापर्व के तहत रविवार को सुगंध दशमी मनाएगा।कर्मों की निर्जरा के लिए श्रद्धालु श्रीजी के सामने चंदन की धूप का अग्नि पर खेवन करेंगे।

मान्यता है कि धूप के पवित्र वातावरण से भगवान खुश होकर मानव को मोक्ष पद का रास्ता दिखलाते हैं। इसी भावना के साथ सभी जैन मंदिरों में सुगंध दशमी पर धूप खेई जाती है। कई मंदिरों से अंहिसा रैली निकाली जाएगी।

## सार-समाचार

### बच्चों ने गणपति बप्पा को विदा किया

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर के सेंट एंस माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को हर वर्ष की भांति विधि विधान पूर्वक गणपति बप्पा की पूजा अर्चना कर शुभ मुहूर्त में बड़े हर्षौल्लास व जयकारों के साथ गणपति बप्पा मोरिया मंगल मूर्ति मोरया से भगवान गणेश की प्रतिमा का विधि विधान पूर्वक जल में विसर्जन किया गया। कार्यक्रम संयोजन प्रीति अथरवाल ने बताया कि गणेश चतुर्थी के पर्व पर विद्यालय के प्रांगण में मिट्टी से बने गणेश प्रतिमा को विधि विधान से स्थापित किया गया। पर्यावरण संरक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए बिना रासायनिक रंगों का प्रयोग कर बनाई गई इस प्रतिमा को विद्यालय परिसर में ही कुंड में विसर्जित करने का निर्णय लिया गया था। इस पावन पर्व के अवसर पर विद्यालय की कई छात्रों ने गणेश स्थापन के महत्व उससे जुडी कई पौराणिक कथाओं पर अपने विचार अभिव्यक्त किये। प्रधानाचार्य किशोर सिंह राजपुरोहित ने हमें भगवान गणेश के उसके जीवन से जुडी प्रेरणात्मक कहानियों से अवगत कराया। विसर्जन की पूर्व संध्या पर संगीत कार्यक्रम रख भगवान को 56 व्यंजनों का भोग लगाया। कार्यक्रम में पिंकी राजपुरोहित, भगवती सुंदेशा, मीनाक्षी चौधरी,कविता भटनागर , किरण बाजक, कविता मेहता, कविता भटनागर ,प्रीति ,चेतन, ध्रुव, भावेश खत्री, हरीश खत्री ,कोमल शर्मा, रेखा राजपुरोहित की सराहनीय भूमिका रही।

### राजस्थान होगा कांग्रेस मुक्त : बोरली

**जालोर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी जालोर के जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया की राजस्थान में कांग्रेस के खिलाफ जनता में भारी आक्रोश है । राजस्थान में भाजपा को चल रही परिवर्तन संकल्प यात्रा को प्रत्येक विधानसभा में भारी जन समर्थन मिल रहा है। परिवर्तन यात्रा के 25 सितंबर को जयपुर पहुंचने पर विशाल सभा का आयोजन है। जिसमे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा को संबोधित करेंगे। जन सभा में भाग लेने के लिए जालोर जिले से हजारों को संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता जयपुर पहुंचेंगे। 25 सितंबर को जयपुर जाने के लिए जिले के प्रत्येक विधानसभा में बैठके की जा रही है एवं इसके लिए जिम्मेदारियां दी जा रही है। जिले की सभी विधानसभाओ से अधिक से अधिक कार्यकर्ता जयपुर चलेंगे एवम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में सम्मिलित होंगे। जिलाध्यक्ष राव ने कहा की राजस्थान में जनता कांग्रेस के कुशासन से त्रस्त आ चुकी है। साढे 4 सालो तक सरकार आम जनता को लुटती रही है । आम जनता को कोरोना काल दुख के समय कांग्रेस सरकार होटलों में अपनी सरकार बचाने में व्यस्त रही थी। किसानों के बारिश की वजह से फसले खराब हुई है लेकिन सरकार कुंभकर्ण की नींद सोई हुई है। इस भ्रष्टतम कांग्रेस सरकार के पाप का घडा भर गया आने वाले चुनावों में जनता कांग्रेस को मुंह तोड जवाब देगी। 25 सितंबर को जयपुर में जालोर जिले से अधिक से अधिक संख्या में जनप्रतिनिधि , पदाधिकारी, शक्तिकेंद्र संयोजक , बूथ अध्यक्ष सम्मिलित होंगे ।

### विश्व शान्ति दिवस मनाया

**जालोर,** (कासं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय जालोर के तत्वावधान मे अन्तराष्ट्रीय विश्व शान्ति दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम की कडी जिला मुख्यालय जालोर पर मधु कुमारी सी.ओ. गाइड के नेतृत्व में फ्लॉक व गाइड यूनिट लीडर बेसिक कोर्स 7 दिवसीय व राज्य पुरस्कार गाइड प्रशिक्षण 5 दिवसीय, हीरख पंख व बुलबुल प्रशिक्षण 3 दिवसीय आयोजित किया जा रहा है। राज्य पुरस्कार मे रा.बा.उ.मा.वि. प्रताप चौक जालोर, रा.बा.उ.मा.वि. आहोर, सुबोध इग्लिश एकेडमी जालोर, रा.उ.मा.वि. तवाव, चाणक्य विश पीठ सी.सै. स्कूल पावली, इन्द्रा ओपन गाइड कम्पनी, आदि विद्यालयों गाइड/बुलबुलज/हीरख पंख को प्रषिक्षक श्रीमती दौलत कंवर, ललिता कुमारी, किर्ति कच्छवाह , नीरज कुमारी, निरमा कुमारी, प्रषिक्षण दे रहे है। इस अवसर पर षान्ति संबंधी नारे व जन चेतना रैली का आयोजन किया गया। गाइडर व गाइड सदस्यों ने फ्री बिंग मी का पाठ्यक्रम के बारे मे बताया गया। सामाजिक भाईचारा का संदेश दिया व केन्डल मार्च निकाला।

### स्वच्छता रैली निकाली

**जालोर,** (कासं)। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार एंव स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाडा दिनांक 12 अक्टूबर तक मनाया जाना है। जिसकी पालना में शुक्रवार को नगरपरिषद, जालौर में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं नगरपरिषद कार्यालय के सफाई कर्मचारी एवं अन्य कार्मिकों द्वारा हिस्सा लिया गया। आयुक्त, नगरपरिषद जालौर के निर्देशानुसार संस्थापन अनुभाग प्रभारी हीरालाल परमार द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त रैली शहर को विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करते हुए पुनः नगरपरिषद कार्यालय आकर रैली का समापन किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए अनुभाग के रितिक राणावत ने बताया कि रैली में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। वही आम लोगों से अपील कर बताया कि आस-पास के परिवेश को साफ सुथरा रखें एवं प्लास्टिक थैली का प्रयोग नहीं करें।

### जोधपुर मंडल को 55 इलेक्ट्रिक इंजन

**जोधपुर,** (कासं)। रेलवे बोर्ड ने उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर इलेक्ट्रिक ट्रेनों के संचालन के लिए 55 इलेक्ट्रिक इंजन आवंटित किए हैं। डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जोधपुर मंडल पर तेजी से करवाए जा विद्युतीकरण कार्यों को ध्यान में रखते हुए रेलवे बोर्ड ने इलेक्ट्रिक इंजन से ट्रेनों के संचालन के लिए 55 इलेक्ट्रिक लोको आवंटित किए हैं। जिनमें से 38 इंजन जोधपुर मंडल को प्राप्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि भगत की कोठी डीजल शेड को मिले 38 इलेक्ट्रिक इंजन में से 35 इंजन को ट्रेनों के संचालन में काम में लेना प्रारंभ किया जा चुका है तथा तीन इंजन इसके लिए प्रक्रियाधीन हैं। डीआरएम ने बताया कि जोधपुर मंडल को मिले इलेक्ट्रॉनिक इंजन का रखरखाव भगत की कोठी डीजल शेड में ही किया जा रहा है तथा इनके रिपेयर और आवश्यक रखरखाव के लिए डीजल शेड के कर्मचारियों को बड़ोदरा में प्रशिक्षण दिलाया गया है।

### स्क्रीनिंग समिति की बैठक संपन्न

**जालोर,** (कासं)। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव-2023 की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत वैध आर्म्स व एम्युनेशन निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ होने से संपूर्ण होने तक तथा इस प्रकार के मामलों में स्क्रीनिंग एवं पुनर्विचार करने के संबंध में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्टर कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला मजिस्ट्रेट निशान्त जैन ने विधानसभा आम चुनाव-2023 को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश देकर लाईसेंसधारियों के लाईसेंसशुदा शस्त्रों को संबंधित पुलिस थानो में जमा करवाए जाने की बात कही । उन्होंने विधानसभा आम चुनाव-2023 की तैयारियों को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र सिंह से विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षु आईएएस दिव्यांश सिंह उपस्थित रहे।

### मेघराजसर तालाब पर बैठक हुई

**बाप,** ( निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश की पालना में शुक्रवार को सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बाप लोकेश पडिहार द्वारा तहसील परिसर बाप में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों वारण्ट, जमानती वारण्ट, जमानत प्रावधानों के संबंध में उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर न्यायालय के कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। कैम्प में लोगों को न्यायिक मजिस्ट्रेट पडिहार ने वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया।

### उम्मेद अस्पताल का समारोह शुरू

**जोधपुर,** (कासं) । उम्मेद अस्पताल परिसर में शहर के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरूओं के आर्शीवाद व कर कमलो द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य एवं नियन्त्रक डॉ दिलीप कच्छावा के नेतृत्व में आमंत्रित धर्मगुरू संत रामप्रसाद महाराज, मुफ्ती शेर मोहम्मद , ज्ञानी जयपाल सिंह एवं फादर रेवरन डीलर मसीह का स्वागत किया गया। स्वागत की इस कडी में वरिष्ठ चिकित्सकों ने धर्मगुरूओं का शॉल ओढा कर अभिनन्दन किया। अयुब खां ने सन्तुर वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी। निश्चेतना विभाग के डॉ यू.डी. शर्मा व डॉ. नीलम मीणा की पुस्तक का विमोचन धर्मगुरूओं ने किया।

### 1973 बैच मनाएंगा गोल्डन जुबली

**जोधपुर,** (कासं) । डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में वर्ष 1973 में प्रवेश लेने वाले छात्र 23 सितंबर को 50 वर्ष पूरा करने पर गोल्डन जुबली मनाएंगे। समिति के अध्यक्ष डॉ. जेसी मालू ने बताया कि सभी साथी 23 सितंबर को सुबह छह बजे कॉलेज के मुख्य द्वार पर एकत्रित होकर सामूहिक रूप सेंविद्यालय का अभिवादन और धन्यवाद सभा आयोजित करेंगे।

# गणपति महोत्सव का आगाज, 108 दीपकों की महाआरती की

**जालोर,** (कासं)। जालोर के विनायक मित्र मंडल, शान्ति नगर बी ब्लॉक, राव समाज मन्दिर के पास पांच दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव की धूम मची।

आयोजन समिति के ने बताया कि विनायक मित्र मंडल के तत्वावधान में इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई ओर ये छड़ा वर्ष है जो विनायक मित्र मंडल एवं कॉलोनी वासियों के सहयोग से हर वर्ष बड़े धूम धाम से मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत बप्पा के मंत्रो एवं जयकारों के साथ दोपहर 3 बजे ढोल नगाड़ों पर नाचते हुए पांडाल में विराजमान किया गया। कॉलोनी की महिलाओं ने गणपति को तिलक लगा, फूल व गुलाल के साथ बप्पा का स्वागत किया गया।

पंडित परिक्षित शर्मा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर गणपति स्थापना से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। रात्री 8 बजे गणपति बप्पा की 108 दीपों की महाआरती का सभी कॉलोनी वासियों को सौभाग्य प्राप्त हुआ।

साथ ही प्रत्येक दिवस आरती व बच्चो के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। प्रथम दिवस म्युजिकल चेयर व गरबा नृत्य, द्वितीय दिवस एकल नृत्य व मारवाडी नृत्य, तृतीय दिवस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में धार्मिक, सामाजिक, पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए फैंसी ड्रेस में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।



जालोर में विनायक मित्र मंडल की ओर से गणपति महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर झांकी में बालाजी अवतार, कृष्ण-राधा, शिव-पार्वती, झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई, सेव वाटर-सेव अर्थ, परी, मारवाडी छोरी, राजपूतां रो ठरको, स्पाइडर मैन, आज के युग को देखते हुए सोशियल मीडिया रूप में नाटय रूपांतरण कर बच्चो द्वारा मोबाईल को अत्यधिक स्तेमाल करने से शरीर में होने वाली हानिकारक बीमारियों, बच्चों में चिडचिडापन होना, शिक्षा के अभाव से बच्चों के परिवार द्वारा जागरूकता रखते हुए मोबाइल पर रोक लगाने पर बहुत ही सुंदर मेसेज हमारे परिवार, समाज ओर कॉलोनी वासियों को दिया कॉलोनी के विशिष्ट अतिथियों, पदाधिकारियों द्वारा अच्छी प्रस्तुति देने वाले बच्चों को भेंट राशि सहित आशीर्वाद दिया गया।

चतुर्थ दिवस को भगवान गणपति की 251 दीपों की महाआरती एवं 56 भोग प्रसादी का आयोजन समस्त मंडल के पदाधिकारी व कॉलोनी वासियों के परिवार द्वारा बप्पा को प्रसाद चढ़ाया जाएगा। अंतिम दिवस 23 सितम्बर को भगवान गणपति उथापन पूजन के साथ दोपहर 3 बजे गाजे बाजे के साथ विसर्जन के लिए रवाना होंगे

कार्यक्रम को लेकर समस्त कॉलोनी वासियों के लिए विषर्जन में चलने के लिए ट्रेक्टर की व्यवस्था की गई है। जो कॉलोनी से रवाना होकर सिरे मंदिर रोड स्थित नाडी में मंत्रों के साथ विसर्जन किया जाएगा।

# मां भटियाणी का अवतरण दिवस मनाया



जोधपुर मंडोर रोड कृषि मंडी, चामू हाउस स्थित नखत बन्ना व माजीसा के मंदिर में जागरण हुआ।

**जोधपुर,** (कासं) । जोधपुर मंडोर रोड कृषि मंडी, चामू हाउस स्थित नखत बन्ना व माजीसा के मंदिर मैं शुक्रवार को सुबह मां भटियाणी का "अवतरण दिवस मनाया गया ।

संयोजक जितेंद्र सिंह रावल ने बताया कि इससे पूर्व रात्रि को नखत बन्ना एवं माजीसा के जागरण का आयोजन किया गया। इसअवसर पर नखत बना तथा माजीसा के पुजारी छैलकंवर तथा सवाई सिंह भोमियाजी के पुजारी मोहन सुथार का स्वागत किया। सुप्रसिद्ध गायक कलाकार नवरत्न सिंह रावल ने भजनों पर भक्तजनो झूम उठे

गायक कलाकार नवरत्न सिंह रावत का स्वागत ओम नागल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उम्मेद सिंह, धर्मेंद्र, ओम नागल, अमित शर्मा मोहित जांगिड़, प्रिंस राज व यशवर्धन सहित अनेक भक्तजन उपस्थित थे।

### जवाई नदी में डूबने से युवक की मौत

**जालोर,** (नि.सं.)। जालोर आहोर के सामुजा गांव के पास जवाई नदी में नहाते वक्त डूबने से एक युवक की मौत हो गई। जवाई बांध के ओवर फ्लो होने के बाद नदी में पानी छोड़ा गया है जिसके कारण जालौर जिले में नदी के बहते पानी में लोग नहाने चले जाते हैं चलती नदी में प्रशासन को चेतावनी देना चाहिए, ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिलता है।

मृतक सामुजा निवासी 27 वर्षीय राजूराम मेघवाल बताया जा रहा है। जो अपने साथियों सहित जवाई नदी में नहाने के लिए गया था, इस दौरान नहाते वक्त गहरे पानी में चला गया। जिसे डूबने से उसकी मौत हो गई । वही साथी युवाओं ने बचाने की कोशिश की गई लेकिन देर हो चुकी थी। सूचना पर आहोर थानाधिकारी चंपाराम सहित पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचे और मृतक के शव को लेकर आहोर के राजकीय मोर्चरी में लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### बिट्टा जोधपुर में

**जोधपुर,** (कासं) । ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने कहा कि खालिस्तान पर सिर्फ राजनीति हो रही है। अव्वल तो कभी खालिस्तान बनेगा नहीं और ऐसी नौबत आई तो उसके लिए हमारे जैसे देशभक्तों की लाश पर से गुजरना होगा।

बिट्टा जोधपुर में निजी कार्यक्रम में शिरकत करने आए हुए हैं। वे यहां आज पत्रकारों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि पूरा सिख समाज एकजुट हों, गुरुद्वारा साहिब संगत एकत्रित कर ले और कहे हमे खालिस्तान नहीं चाहिए। इसके बाद आप देखिए यह आंदोलन पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई सिख भाई आए या ना आए, गुरुद्वारा कमेटियां बोले या ना बोले, लेकिन बिट्टा हमेशा इसके खिलाफ बोलता रहेगा।

### गोष्ठी आज

**जोधपुर,** (कासं) ।राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर एवं अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में 1 अक्टूबर को पाठक मंच गोष्ठी का आयोजन गांधी भवन में एक अक्टूबर सुबह 11.30 बजे किया जाएगा। परिषद की महामंत्री डॉ. पद्मजा शर्मा ने बताया कि इस गोष्ठी में अकादमी की पत्रिका मधुमती के अप्रैल 2023 से सितम्बर 2023 तक के अंकों पर चर्चा होगी ।

## आफरी में कार्यशाला हुई

**जोधपुर,** (कासं)। जलवायु परिवर्तन शमन के लिए अपक्षिरत भूमि की पर्यावरण बहाली एवं वन संरक्षण पर आफरी में कार्यशाला आयोजित

वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन कर इसे वन संरक्षण एवं संवर्द्धन अधिनियम के नाम से संशोधित किया गया है तथा विगत कई वर्षों से लम्बित विभिन्न समस्याओं को ध्यान में रखकर अनेक संशोधन किए गए है। यह उद्गार भा.वा.अ.शि.प.-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर में आयोजित "वन संरक्षण अधिनियम संशोधन 2023" कार्यशाला में सुभाषचन्द्र, भा.व.से., सी.ई.ओ., कैम्पा, भारत सरकार ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में व्यक्त किए। सुभाषचन्द्र ने बताया कि किसी भी प्रकार की वन भूमि जो राज्य सरकार या केन्द्र सरकार के रिकार्ड अनुसार हो में यह अधिनियम लागू होगा।

# दंताला शरीफ दरगाह का उर्स मनाया

**सिवाना,** (निसं)। सिवाना से 5 किलोमीटर दूर पहाड़ियों में स्थित सैयद सुलतान शाह जिलानी रहमतुल्लाह अलैय की दरगाह पर गुरूवा रात्रि को सालाना उर्स अकीकत से मनाया गया।

उर्स में दूर दराज बालोतरा, बाड़मेर, जोधपुर, पाली, जालौर, सिरोही, सिवाना सहित कस्बों व शहरों तथा आसपास के गांव के हजारों की संख्या में आस्था का सैलाब उमड़ा। उर्स मुबारक में शानदार रंग बिरंगी रौशनी हाट बाजार झूले आकर्षक का केंद्र बने रहे। अकीकतमंदों ने सैयद सुल्तान शाह जिलानी की मजार शरीफ पर अकीदत के फूल पेश कर सिरनी चढ़ाकर अमन चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी। उर्स प्रांगण को रोशनी से सजाया गया। गर्म पकवान की दुकानों पर लोगों ने खरीदारी करते हुए मेले का लुत्फ उठाया। मुस्लिम युवा कमेटी सिवाना के तत्वावधान में गुरुवार को शाम 5 बजे सिवाना से डीजे पर ढोल ताशो की धुन के साथ चादर का जुलूस दंताला शरीफ दरगाह तक निकाला गया।

जुलूस कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए शाम 7 बजे दंताला शरीफ दरगाह पहुंच कर मजार शरीफ पर चादर पेश कर फूल मालाएं व शीरनी चढ़ाकर खुशहाली की दुआएं मांगी। वक्फ कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में गुरुवार को रात्रि में नमाज ईशा नूरानी तकरीर कार्यक्रम में पीर सैयद बापू गुलाम हुसैन शाह जिलानी सुजा शरीफ



सिवाना के दंताला वली रहमतुल्लाह अलैह के उर्स मुबारक में जायरीनों की भीड़ उमड़ी। फोटो राष्ट्रदूत

व सय्यद सिकंदर शाह बापू लूणी शरीफ वालों ने मुल्क की मोहब्बत को ईमान का हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा की हमेशा सच्चाई व अच्छाई के रास्ते पर चले जरूरतमंदो की मदद करना प्रत्येक मोमिन का फर्ज है। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा से जोड़े।

इसी क्रम में सिकंदर रजा सिद्दीकी फलोदी वालों ने भी अपने अंदाज में नबी के बताए हुए रास्ते पर चलने पर जोर दिया।

पाली से आये नात खां मोहम्मद शरीफ साहब ने नात शरीफ पढ़कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया । गुरूवार रात्री में मशहूर कव्वाल गुलाम हबीब पेंटर अलीगढ़ वालों ने शानदार कलाम पेश कर जायरीनो को झूमने पर मजबूर कर दिया। वही पगडी बंध कव्वाल इरफान जोधपुर ने भी नबी व दंताला वली की शान में कव्वाली पेश कर खूब वाह वाही लूटी।

कौमी एकता के प्रोग्राम में रीको निदेशक सुनील परिहार, सिवाना पंचायत समिति के प्रधान मुकनसिंह राजपुरोहित,पुलिस उप अधीक्षक नीरज शर्मा, थानाधिकारी सिवाना पदमाराम, सुरेश माली, जाकिर खान पठान, बाबूलाल लखारा, कमेटी के सदर गनी मोहम्मद सुमरो, बालोतरा नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष महबूब खान सिंधी, कासम खां वेलिम, कमेटी सचिव अनवर हुसैन नियारिया, इमामुद्दीन कारीगर, जमाल खां मोयला, बेबू खां लुहार, ताजू खा मोयला, सलीम पठान,शरीफ खा आदि मौजूद रहे। प्रशासन पुलिस दल के साथ मुस्तेद रहा।

## सार-समाचार

### बालोतरा जिला बनने से खुशी : प्रजापत

**बालोतरा,** (निसं)। पचपदरा विधायक मदन प्रजापत ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत थुम्बली में आयोजित विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में उपस्थित होकर विकास कार्यो लोकार्पण व शिलान्यास किया। विधायक ने वहाँ पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बालोतरा को जिला बनाने की जनता की लंबित मांग पूरी होने से आमजन के चेहरे पर खुशी है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों शिक्षा चिकित्सा सडक जैसी मूलभूत सुविधाओं पर कार्य हुआ है एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग को इसका सीधा लाभ मिला है। तथा विधायक ने वहाँ उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं समाधान का भरोसा दिलाया। विधायक ने सार्वजनिक यात्री विश्राम गृह भभूता सिद्ध के थान के पास थुम्बली का लोकार्पण कर आमजन को समर्पित किया तत्पश्चात राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थुम्बली में तीन कक्षा कक्ष, लैब मय बरामद का लोकार्पण किया। इस दौरान आकड़ली सरपंच रहीश दान थुम्बली सरपंच प्रतिनिधि आवङदान, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मूलाराम पोटलियां, कालूराम सैन, देवाराम सैन, चैनाराम सैन, जब्बर सिंह राजपूत, उगम सिंह पंवार, किशनपुरी गोस्वामी, गोमन्द राम मेंघवाल, जैरामा राम मेघवाल, युवा कांग्रेस नेता हिंगलाज चारण थुम्बली आदि उपस्थित रहे।

### सर्जन डॉ.सांवल को दी श्रद्धांजलि

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जिले के नेहड़ाई गांव में जन्मे डॉ. बी.एल. साँवल का जयपुर में 20 सितंबर को निधन हो गया। डॉ. बी.एल. साँवल ने लम्बे समय तक बीकानेर की पीबीएम हॉस्पिटल में सर्जन के रूप में सेवाएं दी उस दौरान जैसलमेर जिले से जाने वाले मरीजों के गार्जियन बन कर सम्पूर्ण मदद की। सरकारी सेवा से रिटायर्ड होने के पश्चात जैसलमेर में निजी अस्पताल शुरु करने में स्व बालकिशन कोठारी के मार्गदर्शक बने। श्री माहेश्वरी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर ट्रस्ट, जैसलमेर के संस्थापक निदेशक डॉ. बी.एल. सांवल ने जैसलमेर वासियों को नया सवेरा दिखाने का कार्य किया। माहेश्वरी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर ट्रस्ट, परिवार ने शुक्रवार को डॉ. बी.एल. सांवल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मदनलाल डांगरा, सीए एम एल टावरी, ग्वालदास सावल, मनोहरलाल केला, लीलाधर जेठा, ठाकुरदास चांडक, राधेश्याम चांडक, डॉ. वी डी जेठा सहित चिकित्सक, ट्रस्टी एवं स्टाफ ने मौन रखकर सांवल को श्रद्धांजलि दी।

### मूक बधिर स्टूडेंट्स का प्रदर्शन

**जोधपुर,** (कासं)। माता का थान स्थित गांधी बधिर स्कूल के स्टूडेंट्स का धरना प्रदर्शन आज लगातार तीसरे दिन जारी रहा। उनकी छात्रावास अधीक्षक को हटाने की मांग की है। अपनी मांग को लेकर उन्होंने आज जिला कलैक्टर को ज्ञापन भी सौंपा। छात्रों ने बताया कि हॉस्टल की व्यवस्थाएं बिगड़ी हुई है। इसकी शिकायत करने पर बच्चों को प्रताड़ित किया जा रहा हैं। हॉस्टल में पढ़ने वाले स्टूडेंट के साथ दुव्र्यवहार किया जा रहा है। सफाई पर भी विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन में लिखा कि हॉस्टल में मिलने वाला खाना भी कई बार कम पड़ जाता है। खाने में कई बार कीड़े भी पाए जाते हैं लेकिन शिकायत पर भी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने हॉस्टल अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए कि छात्रों को अपमानित किया जाता है। कई बार सामान गिर जाने प मारपीट भी की जाती है।

### देवनारायण का छठ महोत्सव मनाया

**जोधपुर,** (कासं) । गुर्जर समाज के आराध्य देव व भगवान विष्णु के अवतार देवनारायण भगवान का भादवी छठ महोत्सव रातानाडा स्थित श्री देवनारायण मंदिर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक मूलाराम फारक ने बताया कि मंदिर सेवक रामप्रसाद महाराज के सान्निध्य और मंदिर समिति के बाबूलाल हांकला, बलविरेंद्र भडाणा, महेश धाभाई, राजेन्द्र हांकला, मुकेश कटारिया, राजेन्द्र कटारिया, किशनलाल कालस, दीपक हांकला, रामनिवास जियाणा व हरीश नागर सहित समाजबंधुओं व श्रद्धालुओं की मेजबानी में कार्यक्रम मनाया गया।

### बिजली कनेक्शन काटने का विरोध

**जोधपुर,** (कासं) । शहर के राजीव गांधी नगर, चौखा क्षेत्र में जोधपुर डिस्कॉम की टीम के साथ तीन भाईयो और महिलाओं ने अभद्र व्यवहार किया। काटे गए तारों को ले जाने से रोका और बदतमीजी की। इस पर पुलिस में राजकार्य में बाधा उत्पन्न किए जाने का केस दर्ज करवाया गया है। जोधपुर डिस्कॉम मंडोर में लगी सहायक अभियंता मनीष रोडीवाल की तरफ से केस दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि कनिष्ठ अभियंता मय टीम चौखा में भादरवा बेरा गई थी।


जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, जालोर
प्रधान कार्यालय हरिदेव जोशी सर्किल के पास, जालोर- 343001
Email : headoffice@jalorebank.com/website: www.jalorebank.com Mobile: 94614-40881
क्रमांक/जा.ना.स.बैंक/5006 ॥ निविदा सूचना॥ दिनांक:22/09/2023

बैंक को अपनी शाखा भाद्राजून, जिला-जालोर हेतु निम्नलिखित अनुसार Blue Star & Other Standard make AC (Four Way Cassette AC with Inverter - 2 Ton, Installation Charges, Copper Piping with Drain Pipe and Cable) हेतु पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो/कम्पनियों ( GST Firm ) से निविदा आमंत्रित की जाती है। अतः इच्छुक पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो/कम्पनियों ( GST Firm ) अपनी निविदा मय विवरण सील बंद लिफाफे में दिनांक 25.09.2023 सोमवार 4.00 बजे तक बैंक प्रधान कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। शर्ते एवं सम्पूर्ण जानकारी के लिए बैंक की वेबसाईट www.jalorebank.com का अवलोकन करें।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर



कार्यालय ग्राम पंचायत सांथू पंचायत समिति, जालोर
क्रमांक: ग्राप/मनरेगा/2023-24/44 दिनांक: 22/092023
ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2023-24

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत सांथू के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 की शेष अवधि के दौरान महात्मा गॉधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण साम्रगी एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013( आदिनांक संशोधित ) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर ( GST ) अधिनियम 2017 के अर्न्तगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजिकृत अनुभवी एवं इच्छुक विनिर्माता( ओं )/ विक्रेता( ओं )/फर्मो/ संवेदकों/ आपूर्तिकर्ता( ओं ) से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लैक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई- निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा आनलाईन अपलोड की जा सकती है।

UBN No.- ZJR2324GLOB00515
NIB No.- ZJR2324A0351

सरपंच
ग्राम पंचायत सांथू
पंचायत समिति जालोर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सांथू
पंचायत समिति जालोर



कार्यालय पंचायत समिति, पाली जिला- पाली
फोन नम्बर 02932-221415 मेल आईडी- po_pali@yahoo.in
क्रमांक/पसपा/निविदा/लेखा/2023-24/1220 दिनांक- 21/09/2023

निविदा सूचना

पंचायत समिति पाली में राज्य वित्त आयोग पष्ठम योजना के अन्तर्गत जारी वित्तीय स्वीकृति की अनुपालना में निम्नलिखित कार्यो को सम्पादिन करने हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181( 1 ) के अन्तर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से मोहर बन्द लिफाफे में पंचायत समिति स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की तिथि, समय व अन्य शर्ते एवं निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यो की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति, पाली में कार्यालय समय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है। समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र पाली होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य स्थल | UBN No. | कार्य की अनु. राशि ( लाखों में ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 |
| 1 | पंचायत समिति, पाली में छत मरम्मत कार्य पं. स. पाली | पंचायत समिति पाली | PHT2324WSOB 00031 | 2.00 |
| 2 | पंचायत समिति, पाली की छत पर टूकडी कार्य पं. स. पाली | पंचायत समिति पाली | PHT2324WSOB 00032 | 2.00 |
| 3 | पंचायत समिति, पाली में फाल सिलिंग कार्य पं. स. पाली | पंचायत समिति पाली | PHT2324WSOB 00033 | 2.00 |
| 4 | पंचायत समिति, पाली में रंग रोगत कार्य पं. स. पाली | पंचायत समिति पाली | PHT2324WSOB 00034 | 2.00 |

NIB - PHT2324A0031

(मोहनी पुखराज पटेल)
प्रधान
पंचायत समिति, पाली

(राम निवास)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति, पाली

# ई.वी.एम. के सोर्स सॉफ्टवेयर की जांच की मांग वाली याचिका खारिज

## सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि, सॉफ्टवेयर के सोर्स कोड को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, क्योंकि इससे ई.वी.एम. के हैक होने का खतरा बढ़ जाएगा

नई दिल्ली, 22 सितंबर (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ई.वी.एम.) में इस्तेमाल किए गए सोर्स कोड के ऑडिट की मांग वाली एक जनहित याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनील अह्या की याचिका खारिज करते हुए कहा कि सॉफ्टवेयर के स्त्रोत कोड को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, क्योंकि इससे ई.वी.एम. के हैक (ई.वी.एम. के किसी अन्य के नियंत्रण में हो जाने) होने का खतरा बढ़ जाएगा।

बैंच ने कहा, हम ऐसे नीतिगत मुद्दे पर याचिकाकर्ता द्वारा मांगे गए निर्देश जारी करने के इच्छुक नहीं हैं। इस अदालत के समक्ष यह संकेत देने के लिए कोई तथ्य नहीं है कि चुनाव आयोग अपने आदेश को पूरा करने के लिए उचित कदम नहीं उठा रहा है।''

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ''हम देश के ऐसे नीतिगत मुद्दे पर छेड़छाड़ करने के इच्छुक नहीं हैं। इस अदालत के समक्ष यह संकेत देने के लिए कोई तथ्य नहीं है कि, चुनाव आयोग ई.वी.एम. की सुरक्षा व्यवस्था को पूरा करने के लिए उचित कदम नहीं उठा रहा है।''**

याचिकाकर्ता ने कहा कि यह सिर्फ ई.वी.एम.के सोर्स कोड के ऑडिट से संबंधित याचिका है। पीठ ने याचिकाकर्ता से सवाल पूछा कि इस पर संदेह करने के लिए क्या तथ्य है?

इस पर सुनील ने कहा कि चुनाव आयोग ने किसी विशेष मानक का पालन नहीं किया है। उसने किसी भी मानक का खुलासा नहीं किया है। कोई भी ऑडिट मान्यता प्राप्त मानक के अनुसार होना चाहिए।

उन्होंने दलील दी कि स्त्रोत ई.वी.एम. का दिमाग है और यह मामला लोकतंत्र के अस्तित्व से जुड़ा है। पीठ ने कहा कि उसे पता है कि सोर्स कोड क्या होता है, क्योंकि जब कोई आवेदन शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर डाला जाता है तो उसे सुरक्षा ऑडिट से गुजरना पड़ता है।

जनहित याचिका में एक विशेष मानक आई.ई.ई.ई. 1028 को लागू करते हुए ई.वी.एम. के स्त्रोत कोड के स्वतंत्र ऑडिट की मांग की गई है। साथ ही मांग की कि स्त्रोत का स्वतंत्र रूप से ऑडिट किया जाना चाहिए और ऑडिट रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि याचिका 2019 के आम चुनाव से पहले और फिर अप्रैल 2019 में दायर की गई थी।

शीर्ष अदालत ने तब कहा था कि वह आम चुनाव की पृष्ठभूमि के खिलाफ जनहित याचिका में उठाए गए मुद्दों पर विचार नहीं कर सकती है। अदालत ने याचिकाकर्ता को स्वतंत्रता दी गई थी कि वह नये सिरे से आवेदन करें।

इसके बाद सुनील ने 2020 में शीर्ष अदालत के समक्ष एक और जनहित याचिका दायर की थी। इसके बाद उन्हें चुनाव आयोग के समक्ष प्रतिनिधित्व करने की अनुमति दी गई।

याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से कहा कि चूंकि चुनाव आयोग ने उनके तीन अभ्यावेदनों का जवाब नहीं दिया, इसलिए उन्हें फिर से अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# चंद्रबाबू नायडू को हाईकोर्ट से भी निराशा

विजयवाड़ा 22 सितंबर (वार्ता) आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने कौशल विकास घोटाला मामले को रद्द करने को लेकर तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की याचिका शुक्रवार को रद्द कर दी।

न्यायमूर्ति के. श्रीनिवास रेड्डी ने नायडू की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि न्यायालय इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा। न्यायालय ने इस मामले में नायडू तथा अपराध जांच विभाग के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया।

इस बीच ए.सी.बी. अदालत ने जेल में बंद नायडू को दो दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सी.आई.डी. ने हालांकि अदालत से नायडू को पांच दिन के लिए हिरासत में भेजने की गुहार लगायी थी। अब सी.आई.डी. के अधिकारी उनसे दो दिनों तक इस मामले में पूछताछ करेंगे। ए.सी.बी. अदालत ने सी.आई.डी. के अधिकारियों को नायडू से राजमुंदरी केंद्रीय कारावास में ही सवाल-जवाब करने को कहा है।

ए.सी.बी. अदालत ने सी.आई.डी. अधिकारियों को नायडू के वकीलों की मौजूदगी में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक पूछताछ करने का निर्देश दिया। साथ की पूछताछ के बाद आभासी माध्यम में नायडू को अदालत में पेश करने का निर्देश भी दिया।

# चंबल नदी में नहाने गए 6 युवक तेज बहाव में बहे, 3 को बचाया, 3 लापता

## देर शाम तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन, कल फिर से चलेगा

धौलपुर, 22 सितम्बर (निसं)। धौलपुर शहर से गुजर रही चंबल नदी में शुक्रवार सुबह अपने परिजनों के साथ नहाने गये 6 युवक नदी के तेज बहाव में बह गये। जिनमें से 3 को बचा लिया गया, जबकि 3 अभी तक लापता है।

लापता युवकों को खोजने के लिए दिनभर पुलिस और सिविल डिफेंस की टीम और गोताखोरों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। लेकिन शाम तक कोई पता नहीं चल सका। वहीं शाम को अंधेरा होने पर रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया गया। जो शनिवार सुबह फिर से शुरू किया जाएगा। वहीं इस दौरान नदी में बहे युवकों के परिजनों का इस शोक के कारण रो-रोकर बुरा हाल था।

- **बरसात होने और कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने से नदी में पानी का बहाव बहुत ज्यादा है।**
- **पुलिस टीम और चंबल सफारी के कर्मचारियों की सूझबूझ से तीन युवकों की जान बचाई गई।**

आपको बता दें कि बरसात होने और गत दिनों कोटा बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद चंबल नदी में इस समय अधिक पानी आ गया है और नदी का बहाव सामान्य से काफी अधिक है। जिस कारण नहाते समय युवक पानी का तेज बहाव होने के कारण नदी में बह गए। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को धौलपुर में पहाड़ वाले बाबा का मेला लगा था। जिसे देखने के लिए मुरैना, ग्वालियर और बाड़ी के युवक अपने परिजनों के साथ पुराना शहर धौलपुर में अपनी रिश्तेदारी में आए थे। जहां सभी ने रात को पहाड़ पर कव्वाली सुनी। इसके बाद शुक्रवार सुबह सभी लोग परिवार सहित चंबल नदी पर नहाने चले गए। जहां पानी का बहाव तेज होने के कारण 6 युवक पानी में बह गए। जिनमें से तीन जनों ने धौलपुर भरतपुर पेयजल योजना के नीचे लटकी बिजली की केबल पकड़ ली। जिन्हें चंबल चैक पोस्ट के पुलिसकर्मियों के साथ चंबल सफारी के स्टाफ ने रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जबकि तीन जने नदी में बह गए। हादसे की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी ओमप्रकाश मीणा, सीओ सिटी सुरेश सांखला और कोतवाल रामकिशन यादव के नेतृत्व में पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। जिन्होंने नदी में तीनों युवकों के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया।

कोतवाल रामकिशन यादव ने बताया कि, रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान शहजाद निवासी ग्वालियर, गोलू निवासी धौलपुर और इरशाद निवासी मुरैना को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। जबकि नदी के तेज बहाव में मुबारक (19) पुत्र अली निवासी ग्वालियर, लकी (16) पुत्र निसार निवासी पुराना शहर धौलपुर और सूफियाना पुत्र समीर निवासी बाड़ी बह गए हैं। जिनकी तलाश के लिए शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। लेकिन कोई पता नहीं चल सका। अंधेरा होने पर रेस्क्यू ऑपरेशन बंद कर दिया गया। शनिवार सुबह फिर से ऑपरेशन चलाकर तलाश की जाएगी।

# दिल्ली में दिवाली पर पटाखों पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा

नई दिल्ली, 22 सितंबर (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रदूषण के स्तर के मद्देनजर शुक्रवार को राजधानी में कम प्रदूषण वाले पटाखों (ग्रीन पटाखे) सहित सभी पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया।

न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मामले में फायरक्रैकर एसोसिएशन द्वारा दायर आवेदन को खारिज करते हुए कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एन.सी.आर.) में पटाखों के निर्माण और उपयोग की अनुमति नहीं दे सकती।

शीर्ष अदालत ने राजधानी में पटाखे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने में दिल्ली पुलिस की विफलता पर भी सवाल उठाया था। एसोसिएशन ने अपनी याचिका में ग्रीन पटाखों में बेहतर बदलाव के साथ बेरियम नामक रसायन को शामिल कर पटाखे की अनुमति देने की गुहार लगाई थी। शीर्ष अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन राज्यों में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं है, वहां लोग निर्धारित नियमों के अनुसार अपेक्षाकृत ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल कर सकते हैं। अदालत का यह आदेश दीपावली के दौरान प्रदूषण के स्तर और अस्थमा एवं अन्य मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बेहद खास है।

# महाराष्ट्र में छः माह में 1555 किसानों ने आत्महत्या की

नागपुर, 22 सितंबर (वार्ता)। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वाडेत्तीवार ने कहा है कि महाराष्ट्र में गत जनवरी से जुलाई 2023 तक करीब 1,555 किसानों ने आत्महत्या की है, जिनमें नागरपुर संभाग के 144 किसान शामिल हैं।

वाडेत्तीवार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि मराठवाड़ा में सूखा इस चिंता को और बढ़ा रहा है। पश्चिमी विदर्भ के अमरावती संभाग में सबसे अधिक 637 किसानों ने खुदकुशी की है। वहीं मराठवाड़ा के औरंगाबाद संभाग में 584 किसानों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, जबकि उत्तरी मराठवाड़ा के नासिक संभाग में 174 किसानों ने आत्महत्या की है। पूर्वी विदर्भ के नागपुर संभाग में 144 किसानों ने इस तरह का कठोर कदम उठाया, जबकि पश्चिमी मराठवाड़ा के पुणे संभाग में 16 किसानों ने आत्महत्या की है।

- **मराठवाड़ा में सूखे के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति और विकट हो गई है, पश्चिमी विदर्भ के अमरावती संभाग में सबसे अधिक 637 किसानों ने खुदकुशी की है।**

उन्होंने कहा कि इस साल मराठवाड़ा में 50 फीसदी कम बारिश हुयी। इसी तरह से औरंगाबाद, जलना तथा उस्मानाबाद में क्रमशः 27 फीसद, 43 प्रतिशत तथा 32 फीसदी कम बारिश हुयी है, जबकि बीड तथा परभणी में क्रमशः 43 तथा 31 प्रतिशत कम बारिश हुयी है।

पूर्व मंत्री ने इस संकट की ओर ध्यान नहीं देने को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि बारिश की कमी के कारण समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और सरकार ने अभी तक स्थिति से निपटने के लिए किसी उपाय की घोषणा नहीं की है।

## महिला नेताओं ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हैं। जहाँ 2024 के चुनावों के लिये जातिगत जनगणना एवं ओ.बी.सी. के मुद्दे का अभियान छेड़ने के लिये, इंडिया गठबंधन को जबरदस्त मौका मिल गया है, वहीं इस मामले में कुछ परेशनियाँ भी हैं। एक- विपक्षी गठबंधन के सभी घटक दल इस मामले में एकमत नहीं है। मुम्बई में हुई इंडिया ब्लॉक की पिछली मीटिंग में, टी.एम.सी. प्रमुख ममता बनर्जी इस रणनीति से असहमत बताई गई हैं कि जातिगत जनगणना को 2024 के चुनावों के लिये बड़ा मुद्दा बनाया जाये। जहाँ राहुल गांधी ने इस संबंध में नई दिशा पकड़ी है, वहीं कांग्रेस के अन्दर के कुछ वर्ग यह महसूस करते बताये जाते हैं कि जातिगत जनगणना को 2024 में प्रचार का बड़ा मुद्दा बनाया जाना नुकसानदेह रहेगा।

## चार लोकसभा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और गाज़ीपुर के लिए उपचुनाव नहीं करवाए जाएंगे क्योंकि 2024 के आम चुनावों की तैयारी शुरु हो चुकी है और नए सांसदों के पास एक साल का समय भी नहीं होगा। ये सीटें मार्च और मई 2023 में रिक्त हुईं थीं। पहली तीन सीटें वहां के सांसदों की मृत्यु होने के कारण तथा गाज़ीपुर सीट वहां के सांसद अफज़ल अंसारी को एक मई को कोर्ट द्वारा दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य ठहराए जाने के कारण हुई थी।

# चीन ने एशियन गेम्स में अरुणाचल के 3 खिलाड़ियों को भाग लेने से रोका

## भारत ने चीन के इस कदम पर कड़ी आपत्ति जताई और विरोधस्वरूप केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपनी पूर्व निर्धारित चीन यात्रा रद्द की

नई दिल्ली, 22 सितंबर (वार्ता)। चीन ने एशियन गेम्स में शामिल होने चीन पहुँचे अरुणाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को प्रवेश नहीं दिया है। भारत ने चीन द्वारा उसके कुछ खिलाड़ियों को 19वें एशियाई खेलों में प्रवेश से वंचित किए जाने पर शुक्रवार को कड़ी आपत्ति व्यक्त की और केंद्रीय खेल एवं युवा कार्य मंत्री अनुराग ठाकुर की चीन यात्रा को रद्द कर दी गई है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने आज यहां कुछ भारतीय खिलाड़ियों को 19वें एशियाई खेलों में प्रवेश से वंचित किए जाने पर मीडिया के सवालों के जवाब में कहा भारत सरकार को पता चला है कि चीन के अधिकारियों ने निशाना बनाते हुए और पूर्व-निर्धारित तरीके से अरुणाचल प्रदेश के कुछ भारतीय खिलाड़ियों को चीन के हांगझू में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में मान्यता और प्रवेश से वंचित करके उनके साथ भेदभाव किया है।बागची ने कहा,हमारी लंबे समय से चली आ रही और सुसंगत स्थिति के अनुरूप, भारत, दृढ़ता से भारतीय नागरिकों के साथ उनके निवास स्थान एवं जातीयता के आधार पर भेदभावपूर्ण व्यवहार को अस्वीकार करता है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग है और रहेगा।

- **भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मामले में चीन के समक्ष कड़ा विरोध प्रकट किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि, चीन ने खिलाड़ियों के साथ भेदभाव करके खेल भावना का अपमान किया है।**

उन्होंने कहा, भारत सरकार ने चीन द्वारा हमारे कुछ खिलाड़ियों को जानबूझकर और निशाना बनाने को लेकर चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। चीन का यह कदम एशियाई खेलों की भावना और उनके आचरण को नियंत्रित करने वाले नियमों दोनों का उल्लंघन है और स्पष्ट रूप से सदस्य देशों के प्रतिस्पर्धियों के प्रति भेदभाव को प्रदर्शित करता है।प्रवक्ता ने कहा कि चीन के इस कदम के विरोध स्वरूप खेल मंत्री ने अपनी निर्धारित चीन यात्रा रद्द कर दी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को अपने हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाने का अधिकार है।

उल्लेखनीय है कि चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश की रहने वालीं तीन प्रमुख महिला वुशू खिलाड़ियो न्येमान वांग्सू, ओनिल तेगा और मेपुंग लाम्गु को हांगझाउ में होने वाले एशियाई खेलों में अपने यहां आने की इजाज़त नहीं दी।

## महिला आरक्षण ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, ''सच यह है कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण आज ही दिया जा सकता है। यह कोई जटिल मामला नहीं है।''

लोकसभा में अपने इस वक्तव्य पर जोर देते हुए कि भारत सरकार चलाने वाले 90 सचिवों में से केवल 3 ओ.बी.सी. के हैं, राहुल ने कहा, ''मुझे समझ में नहीं आता कि प्रधानमंत्री मोदी रोज ओ.बी.सी. की बात करते हैं लेकिन उनके लिए किया क्या है।''

गांधी ने कहा कि जनगणना और परिसीमन महिलाओं का कोटा टालने के लचर बहाने हैं और यह सारी कवायद केवल एक चुनावी मुद्दा बनाने के लिए है, वास्तव में इसे लागू किए बिना।

राहुल ने कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें महिलाओं को देने के विधेयक को लोकसभा ने बुधवार को और राज्यसभा ने गुरूवार को पारित कर दिया लेकिन इसकी क्रियान्विति की कोई तारीख तय नहीं की।

कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि ओ.बी.सी. भारत की जनसंख्या का 60 प्रतिशत है और प्रधानमंत्री ने उनके लिए आरक्षण को टालते हुए विधेयक जल्दी पारित करवाया क्योंकि उन्हें चिंता है कि इंडिया गठबंधन अगले चुनावों में भाजपा सरकार को हराने के लिए जातीय जनगणना के लिए दबाव डाल रहा है।

# मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वे की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की

नई दिल्ली, 22 सितंबर (वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश के मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए निर्देश जारी करने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष इस मामले में सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 26 नियम 11 के तहत आवेदन पर फैसला लंबित है, जो आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा है।

उच्च न्यायालय के मथुरा के विवादित स्थल का वैज्ञानिक सर्वेक्षण के लिए निर्देश जारी करने से इनकार करने के फैसले को ट्रस्ट ने शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

- **कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट की याचिका पर मस्जिद की प्रबंधन समिति और उत्तर प्रदेश सुन्नी सैन्ट्रल वक्फ बोर्ड ने इस मुकदमे पर आपत्ति जताई थी।**
- **याचिका में दावा किया गया था कि, मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि परिसर में निर्मित शाही मस्जिद अवैध तरीके से स्थापित की गई है। याचिका में यह भी कहा गया था कि, अगर सर्वे हुआ तो शाही मस्जिद परिसर में मथुरा के कृष्ण मंदिर के कई प्रतीक इत्यादि प्राप्त हो सकते हैं।**

शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि यह दलील नहीं दी जा सकती है कि निचली अदालत के पास आदेश पारित करने का अधिकार क्षेत्र नहीं था और यह भी आग्रह नहीं किया जा सकता है कि स्थानांतरण के बाद अकेले उच्च न्यायालय को पुनरीक्षण क्षेत्राधिकार का प्रयोग करना चाहिए था।

पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि उच्च न्यायालय इस मामले की योग्यता (सुनवाई करने योग्य है या नहीं) समेत अन्य पहलुओं पर विचार कर रहा है, लिहाजा याचिकाकर्ता को वहां जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति कौल ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया से पूछा, ''आप एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ यहां क्यों आए हैं।''

इस पर भाटिया ने कहा कि जब मुकदमा उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया गया था, तो निचली अदालत को उक्त आदेश पारित नहीं करना चाहिए था।इस पर पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि निचली अदालत ने अपने अधिकार क्षेत्र के तहत आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने इस साल जुलाई में कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया था।

## लोकसभा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सिंह ने आश्चर्य जताया कि क्या बिधूड़ी की भाषा आर.एस.एस. में सिखाए गए मूल्यों के कारण है।

आप ने भाजपा सांसद हर्षवर्धन और रविशंकर प्रसाद को भी लताड़ा जो उस समय हंस रहे थे जब बिधूड़ी दानिश को गालियां दे रहे थे।

एन.सी.पी. के प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने एक्स पर कहा, ''इस असभ्य और संस्कारहीन बयान के लिए भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी को निलंबित क्यों नहीं किया गया? अध्यक्ष ओम बिड़ला जी को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। भाजपा को उन्हें निलंबित करना चाहिए लेकिन वह उन्हें पदोन्नति देगी।

## संसद का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सफलता पर लम्बी चर्चा के बाद, 21 सितम्बर की रात को लोकसभा अनिश्चित काल के लिये स्थगित कर दी गई।

## कर्नाटक में कुछ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तीन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्होंने मीडिया कर्मियों से कहा कि उन्होंने इस बारे में हाईकमान से निवेदन किया है। मंत्री ने कहा, ''अगर उन्हें यह (सुझाव) ठीक लगता है तो वे इसे क्रियान्वित करेंगे। अगर वे इसे सही नहीं मानते हैं तो वे इसकी उपेक्षा कर देंगे।''

यहाँ यह स्मरण दिलाना उचित होगा कि और ज्यादा उपमुख्यमंत्री बनाने की कोशिश ऐसी चीज होगी जो कांग्रेस के लिये खतरे से भरी हुई होगी क्योंकि यह बात सरकार के गठन के समय ही बिल्कुल स्पष्ट कर दी गई थी कि उपमुख्यमंत्री केवल एक ही होगा तथा इस पद पर डी.के. शिवकुमार होंगे। वस्तुतः दो प्रतिद्वंदियों सिद्धारमैया तथा शिव कुमार के परस्पर टकराने वाली दावेदारी के कारण ही, कांग्रेस सरकार के बनने में कुछ विलम्ब भी हुआ था। अंत में, समझौते के लिये यह फॉर्मूला तय किया गया कि शिवकुमार को उपमुख्यमंत्री पद तथा अपनी पसंद का मंत्रालय मिल सकता है तथा इसके साथ ही, उनके समर्थकों को एक निश्चित संख्या में मंत्रालय भी दिये जा सकते हैं।

इस समय पार्टी के अंदर और बाहर इस प्रकार की अटकलें लगाई जा रही हैं कि तीन उपमुख्यमंत्रियों की माँग को मुख्यमंत्री के नज़दीकी लोगों द्वारा शिवकुमार को तंग करने तथा उन्हें उकसाने एवं उत्तेजित करने के लिये हवा दी जा रही है। राजन्ना, जो मुख्यमंत्री के नज़दीक माने जाते हैं, ने ऐसी अटकलों को बकवास बताया है तथा कहा है कि ऐसी अटकलें गलत है। राजन्न ने तीन उपमुख्यमंत्रियों का सुझाव देते हुये कहा था कि लिंगायत, एस.सी./एस.टी. तथा अल्पसंख्यक समुदाय का एक-एक उपमुख्यमंत्री होना चाहिये। उनके अनुसार, तीन उपमुख्यमंत्री होने से कांग्रेस को इन समुदायों का और ज्यादा समर्थन मिलेगा तथा इससे लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, ''आगामी लोकसभा चुनाव कर्नाटक तथा हमारी पार्टी के लिये अत्यधिक महत्वपूर्ण होंगे। ज्यादा सीटें जीतना बहुत मुश्किल तथा महत्वपूर्ण होगा तथा (इसलिये) मैंने तीन अतिरिक्त उपमुख्यमंत्रियों का प्रस्ताव पार्टी के हित में ही रखा है।''

उनके इस सुझाव तथा बयानों से सत्तारूढ़ पार्टी के अन्दर एक विवाद एवं तनाव पैदा हो गया है। लेकिन शिवकुमार ने सहकारिता मंत्री की टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देना उचित समझा है। लेकिन पार्टी प्रवक्ता प्रियांक खड़गे ने कहा है कि नेतागण अपनी राय व्यक्त करने के लिये स्वतंत्र हैं। प्रियांक खड़गे ने कहा, ''लोग अपनी व्यक्तिगत राय हाईकमान के सामने व्यक्त कर सकते हैं लेकिन, जहाँ तक मैं समझती हूँ, हाईकमान की ऐसी कोई योजना (तीन उपमुख्यमंत्री नियुक्त करने की) नहीं है। इस प्रकार के प्रस्ताव से हमारी पार्टी में कोई समस्या पैदा नहीं होगी। हमारी पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र है। किसी भी परिवार में मतों की भिन्नता सामान्य बात है।''

## खड़गे-राहुल की सभा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फोटो नज़र आ रहे हैं।

ज्ञातव्य है कि, कांग्रेस आलाकमान बार-बार राजस्थान में एकजुटता की बात करता है, लेकिन चुनाव से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की जो सभा होने जा रही है उसके होर्डिंग्स में सचिन पायलट को जगह नहीं मिलना बता रहा है कि कांग्रेस में एकजुटता की बातें बेमानी साबित हो रही हैं।

दूसरी ओर इस सभा में भीड़ के लिए कांग्रेस के 52 हजार से ज्यादा बूथ अध्यक्षों, 2200 मंडल अध्यक्षों, 400 ब्लॉक अध्यक्षों, 40 जिलाध्यक्षों को मिलाकर करीब 60 हजार के आसपास पार्टी पदाधिकारियों को न्योता दिया गया है। इनके अलावा जयपुर और आसपास के जिलों से भी कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है।

वैसे बूथ, ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों के जरिए कांग्रेस 60 हजार लोगों को बुलाने की बात तो कर रही है, लेकिन असल में कांग्रेस ने जयपुर और आसपास के जिलों के नेताओं को भीड़ लाने का लक्ष्य दिया है। जयपुर शहर में ही हर विधानसभा से हर विधायक या विधायक प्रत्याशी को कम से कम 3 हजार लोग लाने को कहा गया है। लेकिन, दो दिन पहले ही जयपुर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के एक कार्यक्रम में जयपुर के तीन मंत्री 500 लोग भी नहीं जुटा पाए थे, तो वो ही नेता एक-एक विधानसभा क्षेत्र से 3 हजार लोग ला पाएंगे, इसमें संशय नज़र आ रहा है।

इस सभा और शिलान्यास कार्यक्रम के बाद राहुल गांधी सेंट्रल पार्क में बनी गांधी वाटिका में भी जाएंगे, जहाँ, गांधी वाटिका के लोकार्पण का कार्यक्रम रखा गया है।

# प्र.मंत्री मोदी ने पूर्ण बहुमत की सरकार के फायदे गिनाये

## मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक का उदाहरण देते हुये कहा कि, पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं होती तो शायद ऐसा ऐतिहासिक विधेयक कभी पारित नहीं हो पाता

नई दिल्ली, 22 सितंबर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम को उभरते भारत की लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का प्रतीक करार दिया है और चेताया है कि देश को आगे ले जाने के लिए ऐसे निर्णायक कानून बनाने में सक्षम पूर्ण बहुमत वाली मजबूत सरकार बहुत आवश्यक है। मोदी ने आज सुबह यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित भाजपा महिला मोर्चा के अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यी बात कही। मोदी के सुबह भाजपा मुख्यालय में पहुंचने पर बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने मोदी का फूल बरसा कर भव्य स्वागत किया।

भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनती श्रीनिवासन ने प्रधानमंत्री की अगवानी की। पार्टी मुख्यालय में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सभी महिला मंत्री और पार्टी की सभी महिला सांसद भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं ने मोदी को एक बड़ी सी माला पहना कर उनका अभिनंदन किया। मंच पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी भी मौजूद थीं।

प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम में उपस्थित महिला वृंद को संबोधित करते महिला आरक्षण विधेयक के सर्वसम्मति से पारित होने को एक ऐतिहासिक क्षण बताया और कहा कि यह देश के लिए एक विशेष क्षण, भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष दिन है।

- **महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर भाजपा की महिला इकाई ने दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में प्र.मंत्री मोदी के स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया।**

उन्होंने कहा, मैं आज देश की हर माता को, बहन को, बेटी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कल और परसो हम सबने एक नया इतिहास बनते देखा है और हम सबका सौभाग्य है कि ये इतिहास बनाने का अवसर कोटि-कोटि जनों ने हमें दिया है। आने वाली अनेकों पीढ़ियों तक इस निर्णय और इस दिवस की चर्चा होगी। मैं पूरे देश को नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद के दोनों सदनों में भारी बहुमत से पारित होने की बहुत बहुत बधाई देता हूं।

मोदी ने कहा, कभी-कभी किसी निर्णय में देश के भाग्य को बदलने की क्षमता होती है। आज हम सभी ऐसे ही एक निर्णय के साक्षी बने हैं। ....संसद के दोनों सदनों द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम रिकॉर्ड मतों से पारित किया जा चुका है। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था, वो सपना अब सच हुआ है। आज हर नारी का आत्मविश्वास आसमान छू रहा है। पूरे देश की माताएं, बहनें और बेटियां आज खुशी मना रही हैं, हम सबको आशीर्वाद दे रही हैं।

उन्होंने कहा, कोटि-कोटि माताओं, बहनों के सपने को पूरा करने का सौभाग्य हमारी भाजपा सरकार को मिला है। इसलिए राष्ट्र को सर्वप्रथम मानने वाली पार्टी के रूप में, भाजपा कार्यकर्ता के रूप में, एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में ये हमारे लिए गर्व का विषय है।

मोदी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम कोई सामान्य कानून नहीं है। ये नए भारत की नई लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का उद्घोष है। ये अमृतकाल में सबका प्रयास से विकसित भारत के निर्माण की तरफ बढ़ा कदम है। लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी के लिए, इस कानून के लिए तीन दशक से प्रयास कर रही थी। ये हमारी प्रतिबद्धता थी। इसे हमने पूरा करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि यह कानून उभरते भारत की नवीकृत लोकतांत्रिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के एक नए युग की शुरुआत करने की उनकी प्रतिबद्धता का एक ठोस प्रमाण है, जिसका लक्ष्य महिलाओं के जीवन स्तर और जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाना है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908


MARUTI SUZUKI ARENA
जश्न की शुरुआत
मारुति सुज़ुकी एरिना में.
त्योहार का जश्न मनाएं ब्रांड-न्यू कार पर, स्पेशल ऑफ़र्स के साथ.
बड़ी बचत
ALTO K10 ₹62 000*
S-PRESSO ₹71 000*
SWIFT ₹52 000*
WAGONR ₹51 000*
CELERIO ₹66 000*
EECO ₹34 000*
WAGONR ALTO K10 S-PRESSO ERTIGA BREZZA SWIFT DZIRE CELERIO EECO
E-book today at www.marutisuzuki.com or visit your nearest Maruti Suzuki dealership
MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS: SIKAR: JAMU AUTOMOBILES: (01572) 245515 / 246219. NEEM KA THANA: JAMU AUTOMOBILES: 9785644715. JHUNJHUNU: AURIC MOTORS: 8955664400. KOTA: BHATIA & COMPANY: CORPORATE OFFICE: 23-24, INDUSTRIAL ESTATE: 7230006839, 9829818018, 9784598109, 9829099081, 9829045729, 9829187004. DAKANIYA SHOWROOM: G-11-12, AUTO MOBILE ZONE, NEAR DAKANIYA STATION: 9001997116, 9001997113, 9587898054. SUWALKA MOTORS PVT. LTD.: KUNHARI: 0744-2370272, 9116312345, 7300308888. SULTANPUR: 9116178527. BHAWANIMANDI: 9116178557. KHANPUR: 07430-299240, 8306333715. JODHPUR: AURIC MOTORS PVT LIMITED: SARASWATI NAGAR, NEW PALI ROAD: 0291- 2722691, 9015900500. BALESAR: 6377715171. AHORE: 9015900500. SAYLA: 9015900500. SHRI KRISHNA AUTO SALES PVT. LTD.: PRATAP NAGAR: 0291-2762064/65, 9929244403, 9829144436. PHALODI: 9928841300, 9116150669, 9929244402. L.M.J. SERVICES LTD: A-11, INDUSTRIAL ESTATE, OPP. UDYOG BHAWAN, NEW POWER HOUSE ROAD: 8094011123, 8094011151, 0291- 2630478/79/80. NAGAUR: MANGALAM MOTORS: 9116008626, 9116008630. PALI: L.M.J. SERVICES LTD.: 02932 - 256177, 8094011136. SIROHI: NAVNEET MOTORS: 02972-222917-18, 7665010638. UDAIPUR: NAVNEET MOTORS: MADRI: 0294-2494454, 7230046380. SHOBHAGPURA: 9829043600. TECHNOY MOTORS: GOVARDHAN VILLAS: (0294) 2485158, 2485738, 9982666809. BANSWARA: NAVNEET MOTORS: 9414159145, 7665010632, 7412074100. BHILWARA: LOHIA AUTOMOBILES: 01482-264061, 264144, 09799545333, 09950512555. CHAMPION CARS: 01482-267135, 9602892423, 7727863720. BHARATPUR: TM MOTORS: 05644-220970, 226392, 9251423393, 9251423395, 8094000626. CHITTORGARH: BHATIA & COMPANY: 9414130799, 9001791753, 9587208999, 9414179006, 9413316117. SAWAI MADHOPUR: PREM MOTORS PVT. LTD.: SAWAI MADHOPUR: 07462-220029 / 8058799005 / 8058794181. JAIPUR: VIPUL MOTORS PVT. LTD.: DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. FORTUNE CARS: KARAULI: 8875001175/ 8875005132. HINDAUN: 9214794314/8875007758. PREM MOTORS PVT. LTD.: BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029/8058799005/8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727. SANGA AUTONATION: 9057809150, 7734901000. CHURU: TRS CHURU: 9356501550. BIKANER: DUDI AUTO-MOBILES: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. AURIC MOTORS: 0151-2251819, 9529251819, 9636045111. AJMER: RELAN MOTORS: 0145-2610106, 9214444222. AJMER AUTO: 0145-2425200, 9314531845, 9314391004. ALWAR: MG MOTORS: 9001795515, 9001795517, 8003692651, 8003692652, 8003090466. SRIGANGANAGAR: AURIC MOTORS: 8955559963. DUDI AUTOMOBILES: PADAMPUR: 7412075151.
*Applicable Terms and conditions available at Maruti Suzuki Arena authorized dealer. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. It is inclusive of Consumer offer, Exchange bonus, Corporate offer/Rural offer (wherever applicable). All offers are applicable till 30th September 2023 or till stocks last. Offers applicable on selected models/variants and selected cities. Car models and accessories shown may vary from the actual product. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purpose only. ^All loans and schemes are at the sole discretion of the Finance Partner.